राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 54 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



## कोहली के शतक से पाक पस्त

### ● भारत से हारा पाकिस्तान-चैंपियंस ट्रॉफी से हो सकता है बाहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दुबई:** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।

**भारत की जीत के 2 हीरो**
**विराट कोहली : 100 रन की पारी खेली**
विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए।
**कुलदीप यादव : 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका** कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।
**धीमी बैटिंग:** पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।
**स्पिनर्स की कमी:** पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके।

## सरकारी खजाना खाली लेकिन वादे होंगे पूरेः मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) ने वर्तमान सरकार के लिए सरकारी खजाना खाली छोड़ा है। इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए महिलाओं के लिए 2500 प्रतिमाह की योजना को लागू कराएगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आज प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में आगामी विधानसभा सत्र और अपने-अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। एक प्रश्न के उत्तर में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार बनने के बाद से पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें हुई हैं। हम विषयों को समझ रहे हैं। अधिकारियों के साथ सरकार ने वित्तीय स्थिति का आकलन किया है। हमने पाया है कि राज्य का राजस्व पूरी तरह से खाली है। इसके बावजूद हम विस्तार से योजना बनायेंगे और शत-प्रतिशत अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में सबसे महत्वपूर्ण विषय कैग की रिपोर्ट का होगा। पिछली सरकार को जनता की मेहनत की कमाई का दुरुपयोग करने के लिए लिए जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्हें (आआपा को) हर एक रुपये का हिसाब जनता को देना होगा। उन्होंने बताया कि कल से दिल्ली का पहला विधानसभा सत्र शुरू होने जा रहा है और इसमें दिल्ली की जनता से जुड़े हुए कामों पर ध्यान होगा।

**वादे पूरा करेंगे**
▶▶ भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से की बात

## हर साल दुनिया में 7.46 लाख लोग कर रहे हैं आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पिछले तीन दशकों के दौरान भारत में आत्महत्या की दर में 31.5 फीसदी की गिरावट आई है। यह मानसिक स्वास्थ्य में सुधार को लेकर बनाई जा रही रणनीतियों में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। वहीं वैश्विक स्तर पर इस दौरान आत्महत्या में 39.5 फीसदी की गिरावट आई। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय जर्नल द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में प्रकशित हुई है। अध्ययन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरी एंड रिस्क फैक्टर्स स्टडी (जीबीडी) 2021 के निष्कर्षों पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार 1990 में प्रति लाख जनसंख्या पर आत्महत्या करने वालों की संख्या 19 थी, जो 2021 में घटकर 13 हो गई। यह करीब 32 फीसदी की कमी को दर्शाता है। आत्महत्या की दर में गिरावट पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक रही। 1990 से 2021 के बीच पुरुषों में आत्महत्या दर में लगभग 25 फीसदी की कमी आई, जबकि महिलाओं में यह 38.7 फीसदी दर्ज की गई। 1990 में प्रति लाख 21 पुरुष आत्महत्या कर रहे थे जो 2021 में घटकर 15.7 रह गए।

## आस्था का केंद्र बनने जा रहा आरोग्य केंद्रः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**छतरपुर। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है और लोगों को तोड़ने में जुटा है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता में जकड़े ये लोग हमारे मंदिरों, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहे हैं। हमारे समाज को बांटना, उसको तोड़ना इनका एजेंडा है। इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी आज मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**शिलान्यास**
▶▶ कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को गाली देते हैं, विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं : प्रधानमंत्री

## रडार की तैनाती कर हवाई रक्षा क्षमताएं बढ़ाएगी सेना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ड्रोन और अन्य विध्वंसक टेक्नोलॉजी के कारण युद्ध के बदलते स्वरूप के बीच भारतीय सेना भी अपनी क्षमताओं को बढ़ाएगी।
आर्मी एयर डिफेंस (एएडी) कोर ने मौजूदा हवाई रक्षा तोपों के लिए नए गोला-बारूद को शामिल करने और अधिक शक्तिशाली रडार की तैनाती के जरिये अपनी क्षमताएं बढ़ाने का खाका तैयार किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि सेना को स्वदेशी रूप से विकसित सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल (क्यूआरएसएएम) प्रणाली के संबंध में अनुबंध की उम्मीद है। आर्मी एयर डिफेंस कोर के पास एल70, ज़ू-23मिमी, शिल्का, तांगुस्का और ओसा-एके मिसाइल प्रणाली जैसी विभिन्न प्रकार की मिसाइल प्रणालियां और तोपें हैं।

**रोडमैप**
▶▶ अधिक शक्तिशाली रडार की तैनाती के जरिये अपनी क्षमताएं बढ़ाने का खाका तैयार किया है

## जेईई मेन पेपर-2 का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली: नेशनल** टेस्टिंग एजेंसी ने 23 फरवरी 2025 को संयुक्त प्रवेश परीक्षा सत्र-1 पेपर 2 (बी. आर्क/बी. प्लानिंग) का परिणाम जारी कर दिया है। जेईई मेन 2025 पेपर 2 परिणाम लिंक आधिकारिक वेबसाइट पर सक्रिय कर दिया गया है। जिन उम्मीदवारों ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 पेपर 2 की परीक्षा दी थी, वो आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्कोरकार्ड चेक कर सकते हैं। उम्मीदवार अपने लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे- जेईई मेन 2025 आवेदन संख्या और पंजीकरण के दौरान बनाए गए पासवर्ड का उपयोग करके जेईई मेन 2025 सत्र 1 पेपर 2 स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## सिंगापुर की तर्ज पर होगा सोनीपत शहर का विकास : धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही सोनीपत शहर का विकास सिंगापुर की तर्ज पर होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद अब हरियाणा के निकाय चुनावों में भी कांग्रेस का सूपड़ा हो जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत जनता के समर्थन से सोनीपत मेयर उपचुनाव में भाजपा की बड़ी जीत होगी।
ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही सोनीपत में अगले लेवल का विकास होगा। इसके लिए ही भाजपा संगठन ने पार्टी के अनुभवी, कर्मठ, जुझारू व अनुभवी नेता राजीव जैन को मैदान में उतारा है। ताकि मेयर बनते ही वह तेजी से सोनीपत के नगर निगम क्षेत्र का विकास करवा सकें। उन्होंने सेक्टर-23 में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मेयर प्रत्याशी राजीव जैन को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। इस मौके पर मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ का सभा में पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि सोनीपत की जनता भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलवाएगी। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बूते ही भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है कि हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी है।

**ट्रिपल इंजन**
▶▶ कार्यकर्ताओं के बूते ही भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है कि हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनी है

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गृहमंत्री शाह से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री** रेखा गुप्ता ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करके मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और जनकल्याण की नीतियों पर जो भरोसा दिखाया है, उसे अटूट रखते हुए मुख्यमंत्री के रूप में आपका यह कार्यकाल निश्चित ही दिल्ली को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और जनता की सभी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगा। इसके बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गृहमंत्री अमित शाह धन्यवाद किया।
उन्होंने कहा कि आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार दिल्ली की जनता के सपने पूर्ण करने और विकसित दिल्ली के लक्ष्य के लिए हर क्षण प्रयत्नशील रहेगी।
उल्लेखनीय है कि सोमवार से दिल्ली विधानसभा सत्र शुरू होगा और मंगलवार को सदन में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट को रखा जाएगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में सीएजी रिपोर्ट को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी संयोजन अरविंद केजरीवाल पर खूब हमले किए थे।

**दायित्व**
▶▶ अमित शाह से मुलाकात करके मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## मखाना केंद्रः कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कीचड़ में उतरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दरभंगा:** बिहार में मखाना खेती को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा पहुंचे। जहां उन्होंने न केवल किसानों के साथ संवाद किया बल्कि स्वयं मिथिला की पारंपरिक वेशभूषा धोती-कुर्ता पहनकर मखाना की बीज बोआई भी की। इस दौरान किसानों की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा भी दिलाया।

**तालाब में उतरकर जाना**



**मखाना खेती का हर पहलू**
केंद्रीय मंत्री चौहान ने मखाना अनुसंधान केंद्र के तालाब में उतरकर किसानों के साथ मखाना के बीज डाले और इसकी खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से उत्पादन, लागत, मेहनत और बाजार मूल्य को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने माना कि मखाना बिहार के लिए एक महत्वपूर्ण ह्यसुपर फूडह्ल है, जिसके उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए मखाना बोर्ड का गठन जरूरी है।

**बीज बोआई**
▶▶ किसानों के साथ संवाद किया और पारंपरिक वेशभूषा धोती-कुर्ता पहनकर मखाना की बीज बोआई भी की

**कृषि भवन में नहीं, किसानों के बीच बन रही नीतियां**
किसान पंचायत के दौरान प्रेसवार्ता में मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम किसानों की बेहतरी के लिए योजनाएं कृषि भवन में बैठकर नहीं, बल्कि खेतों में उतरकर बना रहे हैं। मखाना किसानों के लिए बोर्ड का गठन भी इसी सोच का हिस्सा है। बिहार के किसानों के बिना उनकी तकदीर और खेती से जुड़े फैसले नहीं लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मखाना उत्पादन से जुड़े किसानों की हर समस्या को दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलंबो:** श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं। श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया कि मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया बयान के मुताबिक, नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।

## भारत ने होंडुरास को भेजी 26 टन मानवीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। यह सहायता हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर भेजी गई है। होंडुरास को मानवीय सहायता भेजने के बारे में विदेश मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस खेप में सर्जिकल आपूर्ति खेप में सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट सहित चिकित्सा आपूर्ति और आपदा राहत सामग्री शामिल है।

**समागम** रकार्ड भीड़ और कलाकारों के समागम की दृष्टि से सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी

## विश्व पटल पर हरियाणा को नई पहचान दे रहा है सूरजकुंड मेला : मनोहर

**सूरजकुंड (फरीदाबाद)**
**चंडीगढ़/स्वर्णप्रस्थ ब्यूरो**
केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि लाखों लोगों की रिकार्ड भीड़ और कलाकारों के समागम की दृष्टि से सूरजकुंड मेले को शिल्प और कला का महाकुंभ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल सामान बेचने का माध्यम नहीं है, बल्कि यहां हरियाणा के साथ-साथ देश और दुनिया की समृद्ध संस्कृति, खानपान और परिधान देखने का मिलते हैं। यहां आकर हमें मिनी भारत के दर्शन होते हैं। सूरजकुंड शिल्प मेला देश की शान और हरियाणा की पहचान बन चुका है।



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने 38 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में 28 वें सूरजकुंड मेले से वे लगातार इस शानदार आयोजन में शरीक होते रहे हैं। 11वीं बार वे इस मेले में आए हैं। वर्ष 2015 में पहली बार सूरजकुंड मेले को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करते हुए 20 देशों ने इसमें भागीदारी की थी। अब उनकी संख्या 44 हो चुकी है। सूरजकुंड शिल्प मेला और कुरूक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह हरियाणा को इंटरनेशनल लेवल पर गौरवान्वित कर रहे हैं। मेला और कला मनुष्य जीवन के अभिन्न अंग होते हैं। सूरजकुंड मेले में आकर जहां एक तरफ दक्षिण भारत के इडली डोसा खाने को मिलते हैं, वहीं दूसरी तरफ हरियाणा के खाट के ठाठ, बाजरे की खिचड़ी का स्वाद आप लेते हैं। इससे हरियाणा की संस्कृति का प्रसार विदेशों तक हो रहा है। यह मेला देश की एकता और अखंडता को मजबूत कर रहा है। हजारों-लाखों कला प्रेमी यहां एक स्थान पर एकत्रित होते हैं। कला के मर्म को कोई सच्चा कलाकार ही जान सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा प्रकृति के हर स्वरूप में आपको कला देखने को मिलेगी।

**शानदार**
▶▶ देश और दुनिया की समृद्ध संस्कृति, खानपान और परिधान देखने का मिलते हैं : मनोहर लाल

# ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से जुड़कर करें अपना व्यवसाय : कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** ऑनलाइन प्रोडक्ट बेचने के लिए देशी कंपनी इंटरनेशनल कंपनियों को टक्कर देने के लिए डायरेक्ट टू कार्ट , ई-कॉमर्स प्लेटफार्म का जीटी रोड स्थित कनक गार्डन में लॉन्चिंग का धूमधाम से कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ राई से विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, सोनीपत विधायक निखिल मदान ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर डायरेक्ट टू कार्ड ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के डायरेक्टर सुमित नारंग व अनिल नारंग ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि देसी कंपनी बड़ी इंटरनेशनल कंपनियों को बड़ी टक्कर देगी इसके लिए कोई भी बिजनेसमैन फैक्ट्री संचालक कंपनी अपने माल को बेचने के लिए इस प्लेटफार्म का प्रयोग करें। इससे जहां उनका कारोबार बढ़ेगा वहीं उनके प्रोडक्ट की भी मांग बढ़ेगी। विधायक गहलावत ने कहा कि कंपनी के डायरेक्टर सुमित नारंग ने बहुत अच्छा काम किया है इससे युवाओं को ऑनलाइन के माध्यम से कंपनी का सामान लोकल सामान के रेट में भी मिलेगा ।इस प्लेटफार्म के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए बिजनेसमैन, फैक्ट्री व कंपनी संचालक बिना कमीशन दिए इस प्लेटफार्म पर रजिस्टर्ड होकर काम कर सकते हैं। डायरेक्ट टू कार्ड ई-कॉमर्स प्लेटफार्म नारंग रियलटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का हिस्सा है । कंपनी के निदेशक सुमित नारंग ने बताया कि उनके प्लेटफार्म पर सामान बेचने के लिए युवाओं को कोई कमीशन नहीं देना पड़ेगा और वह अपने प्रोडक्ट को रजिस्टर्ड कर सकते हैं जबकि अन्य कंपनियों में अपने सामान को ऑनलाइन बेचने के लिए रजिस्टर्ड होने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि वह डायरेक्ट टू कार्ट प्लेटफॉर्म पर अपना सामान बेचने वालों द्वारा रजिस्टर्ड करने के बाद रिसर्च करवाएंगे की किस क्षेत्र में उनके समान की डिमांड है और कहां उनका ज्यादा सामान बिक सकेगा इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे । उनकी विशेषता है कि 365 दिन वह सामान खरीद सकते हैं और घर मंगा कर अगर सामान पसंद नहीं आए तो उसे वापस भी भेज सकते हैं ।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि आजकल ऑनलाइन शॉपिंग का जमाना है इसलिए देश की बड़ी आबादी ई-कॉमर्स साइट से शॉपिंग करना पसंद करती है। हर दिन लाखों लोग मोबाइल से लेकर घर व रोजमर्रा से जुड़े कई सामान ऑर्डर करते हैं. ऐसे में डायरेक्ट टू कार्ड जैसे प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन दुकानों में तब्दील होंगे, जिन पर कोई भी अपना सामान आसानी से भेज सकेगा।



**आह्वान**

▶▶ ऐसे में डायरेक्ट टू कार्ड जैसे प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन दुकानों में तब्दील होंगे, जिन पर कोई भी अपना सामान आसानी से भेज सकेगा

# पड़ोसियों ने की कृष्णा की हत्या; फिर लाश ढूंढवाने का किया नाटक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला सेगेवाला में बच्चों के विवाद के बाद पड़ोसियों ने ही घर के बाहर खेल रहे आठ साल के मासूम कृष्णा का अपहरण कर हत्या कर दी। अपहरण के 24 घंटे बाद शनिवार की रात बच्चे का शव पड़ोसियों क छत पर बरामद हुआ। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का गमगीन माहौल में जलप्रवाह कर दिया गया है। वहीं, बच्चे के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ अपहरण व हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोहल्ले और आरोपियों के घर पर पुलिस बल तैनात है। तीनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मोहल्ला निवासी राजाराम पत्नी के साथ अपनी ससुराल में रहकर ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। राजाराम का आठ साल का बेटा कृष्णा नगर के स्कूल में केजी कक्षा में पढ़ता था। कृष्णा शुक्रवार को संदिग्ध दशा में घर के बाहर से लापता हो गया था।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और जांच के आधार पर पुलिस ने शनिवार की देर शाम बच्चे का शव घर के निकट ही पड़ोसी की छत से बरामद कर लिया।

# पावनता को धारण करने का शंखनाद है सतकुंभा उत्सवः महंत राजेश

**आहुति**

▶▶ सुमित गर्ग व भारत गर्ग दिल्ली से आए यज्ञ में आहुति डाली और रुद्र महायज्ञ किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर श्री महंत राजेश स्वरूप ने कहा कि सत का कुंभ और इसमें श्रद्धा भक्त के साथ स्नान करना, दिव्य गुणों को आत्मसात करना, धर्म, संस्कृति, सनातन परंपरा को जीवन में व्यवहारिकता देना, संतों, भक्तों, महात्माओं के वचनों को जीवन में उतारना ही सतकुंभा उत्सव का लक्ष्य है। यहां हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल की ओर से आए कलाकारों ने हरियाणा की धरती दिए गीता के ज्ञान कृष्णा सुदामा के वृतांत सुनाए तो शिव स्तोत्र यज्ञ में अहुतियां डाली, रुद्र महायज्ञ किया गया तमाम कार्य यहां पावनता को धारण करने का शंखनाद कहा जाएगा। रविवार को शिव स्तोत्र महायज्ञ में मुख्य यजमान निरंजन लाल गर्ग व उनकी धर्मपत्नी प्रवीण देवी गर्ग उचाना मंडी से जबकि प्रतिभा गर्ग, प्रदीप गर्ग, सुमित गर्ग व भारत गर्ग दिल्ली से आए यज्ञ में आहुति डाली और रुद्र महायज्ञ किया।



# चालक को झपकी आने पर कैंटर से टकराई पिकअप

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडाः** जेवर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दस अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि देवबंद सहारनपुर निवासी राहुल सिंह अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ छोटे हाथी (पिकअप) वाहन से आगरा होते हुए प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। पिकअप चालक को झपकी आ गई, जिससे पिकअप कैंटर से टकरा गई। कोतवाली पुलिस के अनुसार, शनिवार रात करीब 12 बजे छोटा हाथी पिकअप के चालक को नींद आ जाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर कैंटर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छोटा हाथी वाहन में सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची जेवर पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय साहब सिंह, 65 वर्षीय श्रीमती रोशनी और 60 वर्षीय श्रीमती रामवती शामिल हैं। घटना में घायल अन्य दस लोगों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। इनमें 36 वर्षीय राहुल सिंह, 44 वर्षीय हरपाल, 45 वर्षीय पूनम, 45 वर्षीय अनीता, 21 वर्षीय सलोनी, 40 वर्षीय नीलम, 50 वर्षीय पिंकी, 13 वर्षीय यशवीर, 38 वर्षीय बच्चन और 55 वर्षीय ओमवती शामिल हैं।

# बाल महोत्सव में रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जीते पुरस्कार

**प्रतिभा**

▶▶ बाल महोत्सव' के अंतर्गत प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित बाल महोत्सव' के अंतर्गत प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र इशित और आरुष ने प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। तूलिका और रिद्धिमा, कक्षा दसवीं, की छात्राओं ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला उपायुक्त मनोज कुमार ने भी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० प्रवीन गुप्ता ने विजेता छात्रों का स्वागत किया व छात्रों के ज्ञान व कौशल की भविष्य में भी इस प्रकार सराहना करते हुए उन्हें की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों के अंदर कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। उन्हें इस प्रतिभा को निखारने का सुअवसर अवश्य मिलना चाहिए जिसके लिए स्कूल निरंतर प्रयत्नशील है।



# साले ने 15 लाख की सुपारी दे बागपत से बुलाए थे शूटर

**ग्रेटर नोएडा।** गोली मारकर आर्यावर्त बैंक के डाटा मैनेजर मंजीत मिश्रा की हत्या में पुलिस ने रविवार को कई अहम खुलासे किए। ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस का दावा है कि मध्यस्थता से परेशान होकर कारोबारी साले दिल्ली निवासी सचिन राठौर ने हत्या की योजना बनाई और अपने मैनेजर प्रवीण उर्फ तिलके निवासी बागपत को 15 लाख की सुपारी दी थी। पुलिस ने सचिन और प्रवीण को डाटा सेंटर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उनसे चेकबुक, डेबिट कार्ड, आर्यावर्त बैंक की किताब बरामद की है। मृतक की पत्नी, दूसरे साले और ससुर की भूमिका की जांच की जा रही है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा जोन शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि डी पार्क के पास शुक्रवार को बिहार के दरभंगा के मंजीत मिश्रा (29) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# जीने पर अनजान शख्स को देख उड़े होश, नीचे गई तो दूसरे ने दबाया मुंह... फिर नहीं रहा होश

**बेहोश**

▶▶ पहले से ही यहां मौजूद दूसरे चोर ने उनके मुंह पर कपड़े से नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़ :** हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर उर्फ बागड़पुर में चोरों ने महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर घर से लाखों रुपये के गहने चोरी कर ले गए। आवाज होने पर महिला जग गई थी, चोरों ने मौका देखकर महिला के मुंह को कपड़े से दबा दिया था। इतना ही नहीं शातिर चोरों ने घर में घुसने से पहले सीसीटीवी के तार भी काट दिए थे। गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार की रात लगभग दस बजे घर पर उनकी मां विमला देवी व पत्नी रीता मौजूद थीं। इसी बीच उनकी पत्नी को रसोईघर में कुछ खटखट की आवाज सुनाई दी थी। उनकी पत्नी जैसे ही जीने के रास्ते रसोई घर जा रही थीं। इसी बीच उन्हें एक चोर दिखाई पड़ा था। वह घबराकर जीने के नीचे पहुंची तो पहले से ही यहां मौजूद दूसरे चोर ने उनके मुंह पर कपड़े से नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया।



# भोलेनाथ को प्रसन्न करने का ही महापर्व महाशिवरात्रि

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। भोलेनाथ को प्रसन्न करने का ही महापर्व पर है, जिसे महाशिवरात्रि के रूप में जाना जाता है। इस दिन भक्त जप, तप और व्रत रखते हैं और इस दिन भगवान के शिवलिंग रूप के दर्शन करते हैं ।दिन-रात के चारों प्रहरों में भगवान शिव की पूजा अर्चना होगी। इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करना चाहिए। इसे रुद्राभिषेक भी कहते हैं। क्योंकि शिवजी का एक नाम रूद्र भी है रुद्र का अभिषेक यानी रुद्राभिषेक होता है। भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। लक्ष्मी नारायण ज्योतिष केंद्र के संचालक दीपक शास्त्री के अनुसार हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि इस दिन ओम नमः शिवाय, महामृत्युंजय, शिव चालीसा आदि का पाठ करना चाहिए। महाशिवरात्रि व्रत करने वाले साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जगत में रहते हुए मनुष्य का कल्याण करने वाला व्रत है महाशिवरात्रि। इस व्रत को रखने से साधक के सभी दुःख पीड़ाओं का अंत तो होता है और मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। मनसा, वाचा, कर्मणा से हमें शिव की आराधना करनी चाहिए।ज्योतिषाचार्य दीपक शास्त्री के अनुसार शिव पुराण में बताया गया है कि रुद्राभिषेक में भगवान शिव के रुद्र अवतार की पूजा होती है। यह भगवान शिव का प्रचंड रूप है। समस्त ग्रह बाधाओं और समस्याओं का नाश करता है।रुद्राभिषेक करना विशेष फलदाई है। सभी देवताओं की आत्मा में रुद्र उपस्थित है और सभी देवता रुद्र की आत्मा में हैं। रुद्र सर्वशक्तिमान है।



**पूजा**

▶▶ स दिन भक्त जप, तप और व्रत रखते हैं और इस दिन भगवान के शिवलिंग रूप के दर्शन करते हैं

**घर में पार्थिव (मिट्टी) के शिवलिंग बनाकर घर में भी रुद्राभिषेक करवा सकते है :** ज्योतिषाचार्य दीपक ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ को जल, पंचामृत, बिल्वपत्र, भांग, आंकड़ा, धतूरा, शमी पत्ती आदि चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। घर में पारद शिवलिंग, नर्मदेश्वर, पार्थिव (मिट्टी) के शिवलिंग बनाकर घर में भी रुद्राभिषेक करवा सकते हैं।

**शिवरात्रि में भगवान भोलेनाथ की पूजा से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएंः** ज्योतिषाचार्य दीपक शास्त्री के अनुसार शिवरात्रि में भगवान भोलेनाथ का गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी प्राप्ति, दूध से मनोकामनाएं पूर्ण, घी से आरोग्यता व वंश वृद्धि, इत्र युक्त जल से बीमारी नष्ट होती है।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में टैलेंट हंट 2025 का आयोजन किया गया। टैलेंट हंट में गन्नौर के अलावा सोनीपत और पानीपत के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग ले कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान नृत्य, गायन, स्टैंड अप कामेडी, बेबी शो और पेंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि रितु चोपड़ा, स्कूल संचालक अमित बत्रा, प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा, उपप्रधानाचार्या दीपमाला, संचालिका डा. सुनीरा जैन और रुचिका बत्रा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।





## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगी आतिशी

## विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

**जिम्मेदारी**

**विधायकों ने रविवार को पार्टी मुख्यालय पर हुई बैठक में आतिशी को विधायक दल का नेता चुना**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) की नेता एवं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगी। आआपा के सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने रविवार को पार्टी मुख्यालय पर हुई बैठक में आतिशी को विधायक दल का नेता चुना। विधायक दल की बैठक के बाद आआपा के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली का विकास किया है। आआपा सरकार की योजनाओं का लाभ दिल्ली के सभी लोगों तक पहुंचाया है। गोपाल राय ने कहा कि आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। उन पर नेता प्रतिपक्ष होने के नाते केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामों की रक्षा करना और भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनता से किए वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी होगी। विधायक दल का नेता चुने जाने पर आतिशी ने आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल और सभी विधायकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो भी वादे किए, विपक्ष के नाते हम उन सभी वादों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में आतिशी को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि आआपा दिल्ली के लोगों के हित में रचनात्मक विरोध की भूमिका निभाएगी। उल्लेखनीय है कि कल से दिल्ली विधानसभा सत्र आरंभ होने जा रहा है। कल विधायकों की शपथ होगी।

इस सत्र के दौरान भाजपा की दिल्ली सरकार आआपा सरकार के कार्यकाल से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट सदन में रखेगी। इस मुद्दे पर आज आयोजित पत्रकार वार्ता में आतिशी ने कहा कि भाजपा सीएजी रिपोर्ट को लेकर भ्रम फैला रही है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने ही सीएजी रिपोर्ट विधानसभा स्पीकर को भेजी थी, जिसे विधानसभा में प्रस्तुत करना ही था।

### 25 को उपराज्यपाल का अभिभाषण

**25 फरवरी को** सत्र का दूसरा दिन होगा और इस दिन सदन में कई महत्वपूर्ण घटनाएं होने की संभावना है। सबसे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना मौजूदा सरकार के कार्यकाल में पहली बार विधानसभा को संबोधित करेंगे। उपराज्यपाल का अभिभाषण आम तौर पर सरकार की योजनाओं और नीतियों पर आधारित होता है, लेकिन इसमें पिछली आप सरकार के कामकाज पर टिप्पणियां भी हो सकती हैं। ऐसे में इस अभिभाषण को लेकर विपक्षी पार्टी आप की ओर से तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है।

# चरस तस्करी मामले में महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चरस बेचने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला हिमाचल प्रदेश से चरस लाकर गुजरात के सूरत में बेच रही थी। पुलिस ने महिला के पास से करीब दो किलोग्राम चरस (मलाना क्रीम) बरामद की है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये कीमत बताई जा रही है। पुलिस की पूछताछ में महिला ने खुलासा किया है कि वह पिछले करीब एक साल से हिमाचल प्रदेश से चरस लेकर दिल्ली आती थी। यहां समय बिताने के बाद यह चरस लेकर गुजरात के सूरत पहुंचकर



पार्टी के हवाले कर देती थी। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि उनकी टीम पिछले काफी समय से नशे का धंधा करने वाले लोगों की जांच में जुटी थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि एक महिला चरस लेकर दिल्ली आने वाली है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने दिल्ली के मुकरबा चौक, जीटी



दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र: आप और भाजपा ने विधायक दल की बैठक करके तय की रणनीति, हंगामे की पूरी संभावना।

# अमेरिका से एक और विमान आया भारत, इस बार दिल्ली में लैंड हुए 12 भारतीय

**नई दिल्ली: अमेरिका** से लगातार वहां गैर कानूनी ढंग से रह रहे भारतीयों को रिपोर्ट किया जा रहा है। यह सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। अमेरिका से पनामा भेजे गए 12 अवैध अप्रवासियों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इमसें चार लोगों पंजाब के हैं। जिनमें से एक बटाला, एक गुरदासपुर, एक जालंधर और एक चंडीगढ़ का है। खास बात यह है कि इस बार इनकों अमेरिका ने खास विमान नहीं बल्कि आम प्लेन से भेजा है। इन सभी से भारतीय सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। अमेरिका अब तक तीन सैन्य विमानों के जरिए 332 भारतीयों को भारत भेजा है।

# विधानसभा में 25 फरवरी को पेश होंगी 14 कैग रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन यानी 25 फरवरी को पिछली सरकार की 14 कैग रिपोर्ट को सदन पटल में रखा जाएगा। दिल्ली विधानसभा सचिवालय की ओर से शनिवार को विधानसभा सत्र के एजेंडा जारी कर दिया गया है। जिसमें इस बात की जानकारी साफ तौर पर दी गई है। एजेंडे के तहत पहले दिन विधायकों की शपथ होने के साथ दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए विजेंद्र गुप्ता ने नामांकन कराया है। सदन चलाने के लिए गांधी नगर से विधायक अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। इस बारे में उपराज्यपाल



वी के सक्सेना के निर्देश पर आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**रविवार को बुलाई गई भाजपा विधायक दल की बैठक**

आगामी 24 फरवरी से शुरू हो रहे तीन दिवसीय विधानसभा सत्र की कार्यवाही को लेकर भाजपा विधायक दल की रविवार को एक बैठक बुलाई गई है। सूत्रों की मानें तो भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित होने वाली बैठक में विधायकों के साथ सदन की कार्यवाही को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत सभी मंत्री और विधायक मौजूद रहेंगे।

**25 फरवरी को एलजी का अभिभाषण**

विधानसभा की ओर से जारी एजेंडे के मुताबिक पहले दिन विधायक शपथ लेंगे और प्रोटेम स्पीकर विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। उसके दूसरे दिन 25 फरवरी को एलजी का नवगठित सरकार के पहले सत्र में अभिभाषण होगा। उसके बाद सदन में लंबित 14 कैग रिपोर्ट पेश किया जाएगा। इसमें आबकारी नीति, स्कूलों, सड़क के निर्माण समेत कई रिपोर्ट पेश की जाएंगी।

**एजेंडा जारी**

**एलजी के अभिभाषण के बाद होगा विधायकों का शपथ तीन दिवसीय सत्र को लेकर एजेंडा जारी**

# बादली मोड़ के पास नेटवर्क पर अब तक के सबसे ऊंचे प्वाइंट का निर्माण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर अब तक के सबसे ऊंचे प्वाइंट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। डीएमआरसी के अनुसार मेट्रो फेज-क्ष मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन (जनकपुरी पश्चिम - आर.के. आश्रम मार्ग) कॉरिडोर में इंजीनियरिंग क्षेत्र की एक नई उपलब्धि हासिल की है। आउटर रिंग रोड के पास 490 मी. लंबा सेक्शन येलो लाइन (समयपुर बादली - मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम) के हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के खंबा नंबर 340 पर 28.362 मी. की प्रभावशाली रेल लेवल ऊंचाई को पार करते हुए अब डीएमआरसी नेटवर्क का सबसे ऊंचा प्वाइंट बन गया है। डीएमआरसी द्वारा मिली जानकारी



के अनुसार इस योजना की पिंक लाइन के धौला कुआं पर बने 23.6 मी. ऊंचाई के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रमुख निर्माण कार्यों, जैसे स्ट्रक्चर को मजबूती से स्थापित करना, खंबों की ढलाई और पूर्व- निर्मित कॉम्पोनेंट को स्थापित करने के लिए सावधानी पूर्वक योजना बनाने की आवश्यकता थी। इस परियोजना के एक महत्वपूर्ण कार्य के रूप में मौजूदा परिचालित येलो लाइन के ऊपर स्टील स्पैन का निर्माण किया जाना था। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और निर्माण कार्यों में व्यवधान न पड़े, इसके लिए इंजीनियरों ने चरणबद्ध तरीके से कार्य को पूरा किया। खंबों का निर्माण तीन चरणों में किया गया, जिसमें श्रमिकों की सुरक्षा और कार्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपाय किए गए थे। चूंकि स्थान सीमित था, इसलिए पारंपरिक जमीनी सपोर्ट के बजाय मैकॉले बार्स का उपयोग करके एक वैकल्पिक सपोर्ट सिस्टम तैयार किया गया था।

फेज-क्ष में मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन का दूसरा सबसे ऊंचा एलिवेटेड स्ट्रेच भी पूरा हुआ। डीएमआरसी ने हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर 52.288 मी. लंबे स्टील स्पैन का चुनौतीपूर्ण निर्माण कार्य भी पूरा किया, जो 27.610 मी. की प्रभावशाली ऊंचाई पर है। दिल्ली मेट्रो में इस दूसरे सबसे ऊंचे स्थान पर मेट्रो वायडक्ट और चालू रेलवे ट्रैक के बीच स्थान की कमी के कारण भी सटीक रूप से कार्य करने की आवश्यकता थी। ओवरहेड इलेक्ट्रिकल वायर से बहुत कम दूरी बनाए रखकर, दो भारी-भरकम क्रेनों के उपयोग से वायाडक्ट का इंस्टालेशन किया गया, सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक क्रेन द्वारा 142-मीट्रिक-टन सेगमेंट के स्टील गर्डर उठाए गए। मौजूदा मेट्रो और रेल सेवाओं में न्यूनतम व्यवधान हो, इसलिए रात्रि के समय संचालन अवधि के बाद के समय में निर्माण की योजना बनाई गई थी। इससे यात्री सेवाएं नियमित रूप से जारी रख पाना संभव हो सका। एक बार लाइन चालू होने के बाद मेट्रो फेज-क्ष की मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन से कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा और यात्रियों के लिए यात्रा का समय भी कम होगा।

**उपलब्धि**

**आर.के. आश्रम मार्ग) कॉरिडोर में इंजीनियरिंग क्षेत्र की एक नई उपलब्धि हासिल की**

# नाबालिग लड़की को पुलिस ने अहमदाबाद से खोजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने घर से लापता 15 साल की नाबालिग लड़की को खोज निकाला। नाबालिग को ज्यादा मोबाइल चलाने पर मां ने डांटा था जिससे नाराज होकर वह अपने परिवार को छोड़कर मौसी के घर पहुंच गई। मौसी ने भी उसे छिपाकर रखा। कई दिनों की मशक्कत के बाद क्राइम ब्रांच ने नाबालिग को गुजरात के अहमदाबाद से सकुशल बरामद किया। नाबालिग को दिल्ली लाकर जेजे बोर्ड के समक्ष पेशकर उसे शेल्टर होम भेज दिया गया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि अमर कालोनी निवासी एक परिवार ने छह फरवरी को अपनी 15 साल की बेटी के गायब होने की खबर दी थी।

# कार चलाना सीख रहे नाबालिग ने मासूम को कुचला, मौत




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अलीपुर थाना क्षेत्र के मुखमेलपुर गांव में सुबह कार चलाना सीखते समय नाबालिग ने गली में खेल रहे एक डेढ़ वर्षीय बच्चे को रौंद दिया। इससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित कार लेकर भाग रहा था। तभी मौके पर मौजूद लोगों ने कार रोककर आरोपित को पकड़ लिया। पिटाई के बाद नाबालिग को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने नाबालिग व कार मालिक उसके पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पिता अभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने कार भी जब्त कर ली है।

**सुबह एक बच्चे के घायल होने की मिली सूचना**

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि शनिवार की सुबह 8:20 बजे कार से एक बच्चा के घायल होने की जानकारी मिली। सूचना पर फिरनी रोड, वाल्मीकि बस्ती, मुखमेलपुर घटनास्थल पर पहुंची अलीपुर पुलिस ने पाया कि एक टाटा जेस्ट कार खड़ी है।

**बच्चे को मृत अवस्था में लाया गया**

स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि डेढ़ वर्षीय घायल अर्जुन को उसके चाचा प्रदीप कुमार ने नरेला स्थित राजा हरिशचंद्र अस्पताल लेकर गए हैं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों पुलिस को बताया कि बच्चे को मृत अवस्था में लाया गया था। बच्चे को दुर्घटना के कारण सिर में गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जहांगीरपुरी स्थित बीजेआरएम अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया।

क्राइम टीम ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आरोपित चालक व कार मालिक उसके पिता के खिलाफ बीएनएस की धारा- 281,106(1), 3/181 और 5,181 एमवी एक्ट के तहत दर्ज कर लिया है। आरोपित चालक इब्राहिमपुर गांव का रहने वाला है।

**हादसा**

**आरोपित कार लेकर भाग रहा था। तभी मौके पर मौजूद लोगों ने कार रोककर आरोपित को पकड़ लिया**

# आईजीआई से वन्यजीव तस्करी में तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर कस्टम विभाग ने वन्यजीव तस्करी के आरोप में तीन लोगों को पकड़ा है। यह तीनों भारतीय यात्री बैंकाक से आने वाली फ्लाइट से दुर्लभ वन्यजीव लेकर आईजीआई पर उतरे थे। कस्टम के अधिकारियों ने उनके बैग से विदेशी और दुर्लभ वन्यजीव बरामद किये।

कस्मट विभाग के अनुसार बैंकॉक से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट एआई 303 से तीन यात्री उतरे थे। कस्टम अधिकारियों ने इन तीनों यात्रियों को देर रात



1:30 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके बैग से विदेशी और दुर्लभ वन्यजीव बरामद हुए। कस्टम विभाग के अनुसार तीनों यात्रियों के बैग से अलग-अलग प्रजाति के वन्यजीव मिले। इन वन्यजीव में अलग-अलग प्रजाति के कई सांप थे।

# कांग्रेस का अगला अधिवेशन 8 व 9 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। कांग्रेस** का अगला अखिल भारतीय अधिवेशन गुजरात राज्य के अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को होगा। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के देशभर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। माना जा रहा है कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ राजनीतिक मुहिम तेज करने और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। रविवार को पार्टी ने वक्तव्य जारी कर बताया कि 8 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के साथ अधिवेशन शुरू होगा। इसके बाद 9 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों



की बैठक होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता (लोकसभा) राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी का कहना है कि यह आगामी अधिवेशन न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा बल्कि आम लोगों की चिंताओं का समाधान करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए कांग्रेस पार्टी के सामूहिक संकल्प की पुष्टि भी करेगा। यह अधिवेशन बेलगावी में हुए एआईसीसी अधिवेशन में विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) व नव सत्याग्रह बैठक में अपनाए गए प्रस्तावों की निरंतरता के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

**चिंतन**

**भाजपा के खिलाफ राजनीतिक मुहिम तेज करने और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा**

# बोरे में बंद मिला महिला का शव, पति फरार, ठिकानों पर पुलिस कर रही छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह बोरे में बंद एक महिला का शव मिला है। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस ने महिला के परिजनों के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ित परिवार ने हत्या का आरोप उसके ही पति पर लगाया है। पुलिस उसके पति का पता लगा रही है। उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मृतका की पहचान 21 वर्षीय नंदनी के रूप में हुई है। वह अपने पति जीतू के साथ मुकुंदपुर इलाके में रहती थी।

**छापा**

**शोक विहार थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह बोरे में बंद एक महिला का शव मिला है, तफ्तीश जारी**

**कूड़े के ढेर के बीच बोरे में महिला का शव**

अशोक विहार पुलिस को सुबह करीब साढ़े छह बजे वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में कूड़े के ढेर के बीच बोरे में महिला का शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि बोरे में एक महिला का शव है। जिसके शरीर पर कई चोट के निशान मिले। जिससे आशंका जाहिर की गई कि उसकी हत्या की गई है।

**शराब पीने का आदी था जीतू**

पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया। महिला के हाथ पर कई नाम लिखे हुए थे। पुलिस टीम ने तुरंत आसपास के लोगों और पुलिस स्टेशनों से संपर्क किया। पास ही स्थित गुडमंडी में रहने वाले कई लोगों से संपर्क किया।

# दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में डकैती, 50 लाख के गहने और कैश लूटे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। करावल नगर क्षेत्र में दिन दहाड़े हथियारों के बल पर छह बदमाशों ने जेवर की दुकान में डकैती की वारदात अंजाम देकर कानून व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया। ग्राहक बनकर पहले दो बदमाश मास्क पहनकर अंदर घुसे, फिर बारी-बारी उनके तीन अन्य साथी दुकान में आए। इनमें से एक बेनकाब था। अंदर घुसने के साथ बदमाशों ने शटर बंद कर दिया। उनका एक साथी बाहर खड़े होकर नजर रखता रहा। अंदर घुसे बदमाशों ने दुकान के मालिक हन्नी वर्मा (33) और हेल्पर उमाशंकर पर पिस्टल तान दी।



**लूटने के बाद बदमाश बाहर निकले**

पहले अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़े, फिर लूटपाट शुरू की। 10 मिनट में करीब 50 लाख रुपये के सोने व चांदी के गहने, 50 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल और एक लैपटॉप लूटने के बाद बदमाश बाहर निकले और शटर गिराकर दुकान के मालिक व उनके हेल्पर को अंदर बंद करके फरार हो गए। सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से सामने आया है कि बदमाश दो मोटरसाइकिलों पर आए थे। पुलिस ने डकैती के आरोप में प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपितों के भागने का रूट व उनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

**लूटपाट**

**दो मोटरसाइकिल पर आए थे छह बदमाश, हथियारों के बल पर की लूटपाट, बदमाशों ने बंद कर दिया था शटर**

**एक प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी में काम करते थे हन्नी**

पीड़ित हन्नी वर्मा की करावल नगर के प्रह्लाद मार्केट में महेंद्र ज्वेलर्स नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ शाहदरा में रहते हैं। एक प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हैं। रोज दुकान पर उनकी बहन रिति बैठती हैं। शनिवार को इंश्योरेंस कंपनी की छुट्टी के चलते वह अपने हेल्पर उमाशंकर के साथ दुकान पर थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे दो लोग ग्राहक बनकर आए और पुरुष के लिए काल की बाली मांगने लगे।

**दो बदमाश दुकान के कैमरे तोड़ने लगे**

दोनों ने मास्क पहने हुए थे। मास्क पहनने के बारे में पूछने पर दोनों ने बताया कि उनको कुछ दिक्कत है। इतने में दो नकाबपोश और अंदर आ गए।

फिर उनका पांचवें साथी ने अंदर आते ही दुकान का शटर गिरा दिया। आखिर में आए बदमाश का मुंह खुला हुआ था। सभी के पास पिस्टल थीं जो उन्होंने तान दीं। दो बदमाश दुकान के कैमरे तोड़ने लगे, बाकी लूटपाट करने लगे।

# सोनीपत निगम क्षेत्र का करेंगे कायाकल्प: राजीव



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने रविवार को सघन जनसंपर्क अभियान चला कर जनता से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा की नीतियों और केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास कार्यों को जनता के सामने रखा और सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई । उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता के समर्थन से मेयर बनते ही अफसरों पर लगाम कस कर अगले दस महीने में सोनीपत नगर निगम क्षेत्र का कायाकल्प करेंगे । उन्होंने जनता की ओर से मिल रहे समर्थन, स्नेह व सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि अगला मेयर मैं नहीं बल्कि शहर की आम जनता होगी । राजीव जैन ने आदर्श नगर, कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-14 सीनियर सिटीजन, सैनी भवन कबीरपुर, भीम नगर चौपाल माता वैष्णो देवी मंदिर, नंदवानी नगर, चिंतपूर्णी कॉलोनी , शास्त्री कॉलोनी, सेक्टर -23 मार्केट, मोहन नगर, विकास नगर गली नंबर -1, दहिया कॉलोनी, देव नगर दुर्गा मंदिर, सीआरजेड के पास , भरतपुरी, बंदेपुर, ऋषि कॉलोनी आदि जगहों पर आयोजित सभाओं में सोनीपत की जनता से आशीर्वाद मांगा और आने वाली 2 मार्च को भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान की अपील की । इन सभाओं में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज देश व प्रदेश बदल रहा है। मोदी सरकार के कामों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण हितलाभ मिल रहा है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि लोगों में उत्साह इस बात का संकेत है कि निकाय चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत होगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। राजीव जैन ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता की समस्याओं को समझने और उसके समाधान के लिए काम करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभाओं में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि पार्टी प्रत्याशी को मिल रहा जनसमर्थन यह दशार्ता है कि जनता विकास और पारदर्शी शासन की पक्षधर है। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता के सहयोग व समर्थन से सोनीपत में एक बार फिर से 'कमल' खिलेगा।

**समर्थन मांगा**

**सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने सघन जनसंपर्क अभियान चला कर जनता से समर्थन मांगा**

**शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे:**
भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और विकास की गति तेज होगी। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र को भी सुंदर व स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ।
उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में सोनीपत शहर के गंदगी वाले स्थान पर 131 पार्कों का निर्माण किया गया था और गली मोहल्ले में 162 सामुदायिक केंद्रों का निर्माण किया गया। बाहरी कॉलोनियों में भी सीवरेज पेयजल की लाइन डलवाने, ड्रेन नंबर- 6 को ढकने, राठधना रोड को 110 करोड़ रुपए के लागत से फोरलेन करने, लाइन पार 25 करोड़ के लागत से नहरी पेयजल योजना का कार्य शुरू करवाने जैसे काम किए गए।

# जंगल सफारी का प्रस्ताव लगभग तैयार- राव नरबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के चलते आज बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण सरंक्षण एक वैश्विक चिंता का विषय बनता जा रहा है।
पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें प्रकृति व वन्य जीव सरंक्षण के प्रति संवेंदनशील होना होगा। अब तो निजी क्षेत्र के साथ-साथ कई नए युवा स्टार्टअप भी प्रकृति व वन्यजीव सरंक्षण में रूचि दिखा रहे हैं जो सरकारी प्रयासों के साथ-साथ एक सराहनीय पहल है। आज यहाँ जारी एक वक्तव्य में राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी 3 मार्च, 2025 को विश्व वन्यजीव दिवस पर हमें विलुप्त होती वन्यजीव प्रजातियों को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने "मन की बात" के 119वें एपिसोड में भी वन्यजीवों को बचाने की बात कही है। हरियाणा वन विभाग अरावली क्षेत्र में ईको सिस्टम को बढ़ावा देने व इसको सरंक्षित करने के प्रति गंभीरता से कार्य कर रहा है। अरावली क्षेत्र में जंगल सफारी व अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की गई है। अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट का शुभारंभ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह यादव गत दिनों कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जंगल सफारी परियोजना पहले पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की जानी थी।

**वैश्विक**

**जलवायु परिवर्तन के चलते आज बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरण सरंक्षण एक वैश्विक चिंता का विषय**

## न्यूज फ्लैश

### सीएम नायब सैनी की सुरक्षा में फिर दो बार हुई चूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सुरक्षा में फरीदाबाद में रोड शो के दौरान दो बार चूक हुई। रोड शो के दौरान सीएम की गाड़ी की ओर किसी शख्स ने मोबाइल फेंका था।सीएम भाजपा की मेयर उम्मीदवार प्रवीन जोशी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। तभी किसी ने मोबाइल फेंक दिया। हालांकि, मोबाइल नायब सैनी तक नहीं पहुंचा। वह गाड़ी से टकराया और नीचे गिर गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और मोबाइल कब्जे में ले लिया।इसी रोड शो के दौरान दूसरी बार चूक तब हुई जबकि एक शख्स काफिले में घुस गया और जेब से काला झंडा निकालकर दिखाया। इस बारे में पुलिस का कहना है, 'ये जानबूझकर नहीं किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी पर लोग फूल बरसा रहे थे। इसी दौरान किसी के हाथ से मोबाइल छूट गया। सुरक्षाकर्मियों ने मोबाइल उठा लिया था। इसके बाद उसे मालिक को सौंप दिया गया।' हालांकि, पुलिस ने व्यक्ति की पहचान नहीं बताई।
इससे पहले, 19 फरवरी को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी की सुरक्षा में चूक हुई थी। पंजाब भवन के बाहर गेट बंद होने की वजह से उनके काफिले को 15 मिनट तक इंतजार करना पड़ा था। नायब सैनी के साथ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खटटर भी थे। नायब सैनी का रोड शो बल्लभगढ़ विधानसभा से शुरू होकर एन आई टी,बड़खल, और तिगांव विधानसभा से गुजरा। चारों विधानसभाओं में रोड शो खत्म करने के बाद नायब सैनी ने फरीदाबाद के सेक्टर-10 में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले 19 फरवरी की रात केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर चंडीगढ़ आए हुए थे। वह सीएम नायब सैनी के साथ चंडीगढ़ में ही हरियाणा सीएम के सरकारी संत कबीर कुटीर गए थे। रात करीब 11 बजे खट्टर को हरियाणा निवास लौटना था। इसके बाद सीएम नायब सैनी भी उन्हें छोड़ने के लिए हरियाणा निवास की तरफ रवाना हुए। जब उत्तर मार्ग से आते हुए उनका काफिला हरियाणा निवास की तरफ मुड़ा तो वहां पर पंजाब भवन के आगे वाला गेट बंद था। इस गेट की चाबी पंजाब भवन के गार्ड के पास रहती है। जब भी कोई बी आई पी आता है तो वही गेट खोलता है। यहां पंजाब भवन क्रॉस करने के बाद आगे हरियाणा निवास आता है। संभवत: पूर्व सूचना न होने की वजह से गार्ड उस वक्त गेट पर नहीं था।इसके बाद सीएम और केंद्रीय मंत्री खट्टर का काफिला वहीं गेट खुलने का इंतजार करने लगा। इस दौरान जिस गाड़ी में दोनों नेता सवार थे, उसे सुरक्षाकर्मियों ने कवर कर लिया। इसके बाद उनके सुरक्षाकर्मियों ने गार्ड की तलाश शुरू कर दी। करीब 15 मिनट बाद गार्ड मिला। उसे बुलाकर गेट खुलवाया गया। फिर काफिला अंदर गया।इस घटना को लेकर हरियाणा पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस को आपत्ति दर्ज कराई है।

# सीएम मंत्रियों-विधायकों के साथ करेंगे बजट पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी पहली बार बजट पेश करने से पहले जहां प्रदेश भर का दौरा करके अलग-अलग वर्गों की बैठकों का आयोजन कर रहे है, वहीं मुख्यमंत्री ने विधायकों तथा मंत्रियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक के बाद सात मार्च से हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा। वित्त वर्ष 2025 और 26 के बजट को तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। वित्त विभाग के कर्मचारी देर रात तक बजट तैयार करने में जुटे है यहां तक कि साप्ताहिक अवकाश के दिन भी काम में जुटे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तीन व चार मार्च को पंचकूला में विधायकों तथा मंत्रियों की बैठक बुला ली है। इस बैठक का एजेंडा केवल बजट चर्चा है।
हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि आगामी 3 और 4 मार्च को मुख्यमंत्री पंचकूला में बजट को लेकर विधायकों और मंत्रियों से चर्चा करेंगे। इन बैठकों में मुख्यमंत्री मंत्रियों एवं विधायकों से उनकी प्राथमिकता को जानेंगे। विधायकों से मिलने वाले सुझावों को भी बजट में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री फील्ड में हुई बजट बैठकों से मिले सुझावों को भी अपने मंत्रियों के साथ साझा करेंगे।

# बिना भेदभाव के करवाए जा रहे विकास कार्य : नायब

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे हरियाणा में विकास की विचारधारा के साथ कार्य करवाएं जा रहे हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सरकार सार्थक कदम बढ़ा रही है। आमजन के हितों की अनदेखी न हो इस पर सरकार का पूरा फोकस है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रविवार को फरीदाबाद में अपने दौरे के दौरान आमजन से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर सपूतों को नमन भी किया। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि रेल, सडक के साथ ही मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ आने वाले दिनों में बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो का विस्तार करके क्षेत्र को सौगात देने का कार्य भी वर्तमान सरकार द्वारा किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा की भावना से सरकार कार्य कर रही है और लोगों को उनके घर द्वार पर सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। बिना किसी भेदभाव के समान विकास कराने का लक्ष्य लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जन सुविधा के लिए सरकार ने उपमंडल से लेकर जिला स्तर के कार्यालयों में समाधान शिविरो का आयोजन कर हर वर्ग से जुड़ी समस्याओं का निदान प्रत्येक कार्य दिवस पर सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्य कर रही है। आज लोगों को अपने कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए सभी जरूरी सेवाएं ऑनलाइन की जा रही है। इससे पूरी पारदर्शिता के साथ कम समय में आमजन के कार्य हो रहे हैं। पूरे हरियाणा में आवागमन सुविधा को बेहतर बनाया गया है और मजबूत सडक सुरक्षा तंत्र के साथ सडकों का जाल बिछाकर परिवहन को सुगम बनाया गया है।

**विकास पर बल**

**लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्यरत : मुख्यमंत्री**

# शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधारीकरण करना सरकार की प्राथमिकता: बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरन्तर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधारीकरण किया जा रहा है। यह कार्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों का आह्वान किया कि वे बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र के प्रति देशभक्ति के संस्कार देने वाली शिक्षा दें ताकि बच्चे बड़े होकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सके। श्री कृष्ण बेदी ने आज नरवाना के मॉर्डन पब्लिक स्कूल ढ़ाकल में आयोजित वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र में जो संस्कार बन जाते हैं, वे जीवनपर्यन्त मनुष्य का साथ देते हैं, इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों में नैतिक मूल्यों की जानकारी दें। उन्होंने कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित देश के जांबाज सैनिकों द्वारा विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करने पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि एक सैनिक का जीवन हम सब के लिए अनुशासन की एक जीती जागती मिसाल है।

**प्रतिबद्ध**

**मॉर्डन पब्लिक स्कूल ढ़ाकल के वार्षिक उत्सव में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत**

# मुख्यालय से आई खनन विभाग की टीम ने रातभर की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खनन विभाग के महानिदेशक श्री केएम पाण्डुरंग के दिशा-निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल में राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ढोते एक डंपर को पकड़ा और जुमार्ना राशि की वसूली की गई। खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला महेन्द्रगढ़ में पंचकूला मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने खनिज के अवैध खनन व उसके अवैध परिवहन को लेकर तीसरे दिन भी छापेमार कार्रवाई जारी रखी।

# तीन गुणा तेज गति से होगा प्रदेश का विकास : नायब सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 12 मार्च को ट्रिप्पल इंजन की सरकार बन जाएगी। इस ट्रिप्पल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में तीन गुणा तेज गति के साथ विकास किया जाएगा। इस प्रदेश में भाजपा का ट्रक रिकार्ड जनता के सामने है, भाजपा सरकार ने जो वायदे किए, उन्हें पूरा किया। इस भाजपा सरकार ने हर गांव, हर शहर को विकास के पद पर आगे बढाने का काम किया। जिसके कारण ही प्रदेश के नागरिकों ने भाजपा सरकार को तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को सेक्टर 17 में नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन और 32 वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के लिए आयोजित एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थानेसर नगर परिषद की चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी माफी ढांडा के साथ-साथ सभी भाजपा प्रत्याशियों का नाम लेकर लोगों से 2 मार्च को वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि थानेसर के लोग जान चुके है कि भाजपा ही लोगों की आशा के अनुरूप विकास कर सकती है। इसलिए थानेसर शहर में विकास की गति को तीन गुणा करने के लिए निश्चित तौर पर 32 वार्डों चेयरपर्सन सहित 33कमल के फूल खिलाने का काम करेंगे।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश के लोगों ने देखा है कि डबल इंजन सरकार ने पूरे हरियाणा को विकास की ऊंचाईयों तक पहुंचाया और अब समय आ गया है तीसरे इंजन को जोडने का।

**ट्रैक रिकॉर्ड**

**भाजपा का ट्रैक रिकार्ड जनता के सामने है, भाजपा सरकार ने जो वायदे किए, उन्हें पूरा किया: सीएम**

# रोजाना एक घंटा मैदान में रहने वाला रहता है स्वस्थ - बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जो व्यक्ति रोजाना एक घंटा मैदान में रहता है, उसे कभी बीमारी नहीं आती है। प्रदेश के हर स्कूल में भी एक घंटा खेल होना चाहिए। इससे स्वास्थ्य बना रहेगा। स्वास्थ्य बना रहने के साथ आत्म विश्वास में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आज की इस प्रतियोगिता में जो जीते हैं और जो हारे हैं। सभी ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया। हार के बाद एक नया जोश उत्पन्न होता है, जो भविष्य की जीत को तय करता है। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय आज सेक्टर - 3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।



शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल ळ20 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में हिम्स हॉक्स टीम ने वाइल्डवुड वॉरियर्स को हराकर टाइटल जीता। विजेता टीम को राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने ट्राफी देखकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब खिलाड़ी शिवम बामरी को मिला। फाइनल मुकाबले के बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गेंदबाज राहुल सिंह रहे और देवांश कौशिक को बेस्ट बल्लेबाज का खिताब मिला। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी दक्षता, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया है। मेरी कामना रहेगी कि आप सभी जीवन में ऊंची उपलब्धियां हासिल करें। उच्च मनोबल व दृढ निश्चय द्वारा ही सभी कठिनाईयों का सामना कर लक्ष्य की प्राप्ती की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की जयंती है। उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों को समाज से दूर करने में अपना योगदान दिया।

**आह्वान**

**दयानन्द सरस्वती ने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों को समाज से दूर करने में अपना योगदान दिया**

# प्रजातंत्र में निजी मिलना जुलना होता रहता है: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक शादी समारोह में मुलाकात और मिलने के न्योते पर वायरल हुए वीडियो को लेकर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने यह तो स्वीकार किया कि मुलाकात हुई लेकिन कहा कि प्रधानमंत्री से मिला था तो फिर क्या हो गया। सीएम रहते उनसे रोज मिलता था। इसी वीडियो को लेकर जींद में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने हुड्डा को भाजपा में आने का न्योता दे दिया। बड़ौली ने कहा कि राजनीति में सारी संभावनाएं खुली रहती हैं। अगर हुड्डा भाजपा में शामिल होना चाहें तो आ सकते हैं। राजनीति में कब क्या हो जाए, किसी को पता नहीं होता। यह वीडियो पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ के पोते के विवाह उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित स्वागत भोज का था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थे। मोदी ने हुड्डा से कहा था- कहां हो भाई आजकल कभी मिलिए आकर। इसके बाद वह थोड़ा आगे जाकर रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा से भी हाथ मिलाते हुए कहते हैं- अरे, जूनियर हुड्डा यहां खड़े हैं। कल काफी याद किया था।

# जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की ठान ली: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने हिसार में दावा करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की ठान ली है। कांग्रेस को घेरते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि गुटों में बंटी कांग्रेस चुनाव लड़ना तो दूर अपने सभी धड़ों को भी एकजुट नहीं कर पाई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को हिसार में आधा दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और मेयर प्रत्याशी प्रवीण पोपली के लिए वोट मांगी।
हिसार पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का लोगों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा को जनादेश देकर जनता ने डबल इंजन की सरकार बनाई है और अब निकाय चुनाव में जनता भाजपा का साथ देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का पूरा मन बना चुकी है। श्री बड़ौली ने कहा कि लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि केंद्र व हरियाणा में भाजपा की सरकार है, इसलिए क्षेत्र का विकास ट्रिपल इंजन की सरकार में संभव है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों को वोट देकर जनता शहर के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी और कांग्रेस को इस चुनाव में भी मुंह की खानी पड़ेगी। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जो हर वर्ग की आशाओं पर खरा उतरती है।

**दावा**

**धड़ों में बंटी कांग्रेस अभी चुनाव लड़ने की सोच भी नहीं पाई : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

# 30-30 वर्ग गज के प्लॉट देने पर आ गई सरकार: सांसद सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक अप्रैल 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की शुरूआत की। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2022 तक उन लोगों को पक्का घर मुहैया कराना था, जिनके सिर पर छत नहीं है। या जो झुग्गी-झोपड़ी में जीवन जीने को मजबूर हैं। पर सरकार की यह योजना भी पानी नी गई। हरियाणा में कांग्रेस राज में गरीबों को सौ-सौ वर्ग गज के प्लाट मुफ्त प्रदान किए गए थे पर आज भाजपा सरकार 100-100 गज के प्लाट देना तो दूर 30-30 और 50-50 वर्ग गज के प्लाट वो भी कलेक्टर रेट पर दे रही है। भाजपा को जनता से किया गया अपना एक एक वायदा पूरा करना चाहिए।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पहले चरण में एक करोड़ दस लाख मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया था पर सरकार 34 लाख ही मकान बना पाई। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के गरीब लोगों को पक्का घर मुहैया कराने के उद्देश्य से 1996 में इंदिरा आवास योजना के नाम से एक स्कीम शुरू की गई थी, जिसके तहत गरीब परिवारों को सौ सौ वर्ग गज के प्लॉट मुफ्त करवाए गए थे, इतना ही नहीं गांवों में सरकार ने आवंटियों को कब्जे भी दिलाए थे, मकान बनाने के लिए धन तक उपलब्ध करवाया गया था पर इसके बाद आई भाजपा की सरकार ने इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया। 2016 में सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की शुरूआत की। वर्ष 2022 तक उन लोगों को पक्का घर मुहैया कराना था, जिनके सिर पर छत नहीं है। या जो झुग्गी-झोपड़ी में जीवन जीने को मजबूर हैं। पर गरीबों को आज भी घर नहीं मिला। कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना शुरू की।
यह योजना उन परिवारों के लिए थी जिनकी परिवार पहचान पत्र के अनुसार सत्यापित वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है को महाग्राम पंचायत में 50 वर्ग गज के भूखंड और ग्राम पंचायत में 100 वर्ग गज के भूखंड उपलब्ध करवाने की बात कही गई। पहले चरण के लिए 2415 ग्राम पंचायतों की पहचान की गई जहां पर शामलात भूमि उपलब्ध है।

**साधा निशाना**

**हरियाणा में बुरी तरह से पिछड़ रही है जिनके सिर पर छत नहीं को पक्का घर मुहैया करवाने की योजना**

# छंटनीग्रस्त अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हुकटा की इकाई के इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय,**मीरपुर रेवाड़ी विश्वविद्यालय में छंटनीग्रस्त अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को समायोजित कर रोजगार सुरक्षित करवाने हेतु मुख्यमंत्री नायब सिंह से प्रतिनिधि मंडल ने सुबह चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर औ? देर रात कुरुक्षेत्र के मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय पर पुनः मुलाकात की और उनको बताया है कि आपने शीतकालीन विधानसभा सत्र में विश्वविद्यालयों के 1443 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह नौकरी की सेवा सुरक्षा सेवानिवृत्ति 60 वर्ष तक करने का वादा किया था ताकि नौकरी छूटने के भय के कारण हर समय बेरोजगारी की तलवार हमारे सिर पर



न लटकती रहे और बार बार मिलने पर आपने ये भी कहा था कि आप सब मेरे पर भरोसा रखें आपको हटाया नहीं जाएगा और उसके बाद सेवा सुरक्षा करने लिए आपने कमेटी भी बनाई हुई और बीजेपी के ट्वीटर हैंडल पर नॉन स्टॉप सरकार के माध्यम से सौगात देने के लिए पत्रक जारी किया गया। लेकिन हाल ही में रेगुलर प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति होने के कारण आइजीयू की 5 से 12 वर्षों से पहले कार्यरत लगभग 50 गेस्ट फैकल्टी को तुरंत प्रभाव से हटाने से सबके जीवन में अंधेरा छा गया है। इसलिए हमारी मांग है कि पहले हम सभी को हमारे वर्तमान विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालय या कॉलेज इत्यादि में हम सब को प्रारंभिक वेतन के साथ समायोजित या हमारी सेवाएं पुनः

**सेवाएं**

**हम सब को प्रारंभिक वेतन के साथ समायोजित या हमारी सेवाएं पुन: बहाल करवाई जाए**

बहाल करवाई जाए ताकि हमे भी सेवा सुरक्षा मिल सकें क्योंकि रोजगार होगा तो सेवा सुरक्षा मिलेगी हमारा तो रोजगार ही नहीं रहा। अब हमारा सहारा तो आप हो क्योंकि हम में से ज्यादातर अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव पर हैं या उनकी उम्र अप्लाई करने की जा चुकी है और केवल इसी नौकरी के आधार पर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि मुझे कुछ समय दे दो, मैं किसी का भी रोजगार नहीं जाने दूंगा और उन्होंने मौके पर ही उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि छंटनीग्रस्त आइजीयू की गेस्ट फैकल्टी को नियमानुसार जल्द से जल्द जवाइन करवाया जाए और साथ में, विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के रोजगार सुरक्षित करने वाली कमेटी की फाइल पर जल्द से जल्द कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में और किसी का रोजगार न जा सकें। इस अवसर पर हुकटा के अध्यक्ष विजय मलिक एवं लीगल सलाहकार और आइजीयू से सन्दीप यादव व ईशान सैनी,सुनीता नागपाल,निशा यादव,पूजा यादव, मीनाक्षी यादव,मनीष मखीजा, प्रवीण कुमार,अजय यादव,देवेश अग्रवाल,कुरुक्षेत्र से अश्वनी, संजीव आदि उपस्थित रहे।

# असंध के पूर्व विधायक शमशेर सिह गोगी ने राहुल गांधी से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले की** असंध विधानसभा से पूर्व कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी ने राहुल गांधी से मुलाकात की। गोगी ने राहुल गांधी से हरियाणा में मजबूत संगठन को लेकर बातचीत की। वहां पर किसी तरह की कोई भी नेगेटिव बात नहीं हुई। मीटिंग में चार-पांच नेताओं ने पार्टी संगठन को लेकर अपने अपने सुझाव दिए हैं। शमशेर गोगी ने कहा कि अब कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडकर भाजपा में जा रहे हैं, लेकिन जब तक नेता सिर्फ मैं की धारणा तक सीमित रहेंगे और हम की धारणा से काम नहीं करेंगे, तब तक कोई भी पार्टी मजबूत नहीं हो सकती। इस चीज की कमी है। पार्टी के अंदर आजादी की लड़ाई में जो लोग थे, वे पुराने लोग अब रहे नहीं और नए लोगों को शायद इतिहास की जानकारी रही नहीं।

उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग



तो ये समझते है कि मैं हूं, मेरे को ही टिकट मिले, मेरे को ही चौधर मिले तो ही कांग्रेस है, अन्यथा मैं कहीं ओर जांऊ। जब इस विचारधारा से काम होता रहेगा, लोग जाते रहेंगे। लेकिन जब कांग्रेस की चढ़दी कलां हो जाएगी तो आज पार्टी छोड? वाले कल को पार्टी में भागकर वापस आ जाएंगे। शमशेर गोगी ने कहा कि राहुल गांधी ने आश्वस्त किया है कि एकदम स्ट्रॉन्ग संगठन होगा, चाहे वह 10 दिन देरी से बने। लेकिन अबकी बार जिला अध्यक्ष से लेकर ऊपर तक मजबूत संगठन तैयार किया जाएगा और जिला अध्यक्ष की भी वेल्यू होगी। 800 जिले हैं और 800 जिलाध्यक्ष बनाने हैं। राहुल गांधी ने साफ किया है कि अबकी बार सारी ताकत जिला अध्यक्ष पर लगानी है।

गोगी ने राहुल गांधी के सामने एक ही सुझाव रखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कमिटमेंट वाले आदमी होने चाहिए। संगठन के अंदर कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए। संगठन में जो आदमी पार्टी की खिलाफत करता है, उन लोगों को संगठन में कहीं भी जगह नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे किसी भी व्यक्ति को संगठन में जगह नहीं मिलनी चाहिए, जो दूसरी पार्टियों से आते हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियों का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) शिविर के छठे दिन की शुरूआत रैली के साथ हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने जागरूकता संदेशों के साथ हिस्सा लिया। रैली के बाद स्वयंसेवकों ने जाट गांव में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों को दशार्या गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसके विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता है। शिविर के अंतर्गत आयोजित दोपहर के सत्र में विविधता में एकता की भावना को प्रदर्शित करने के लिए मंच पर एक विशेष रैंप वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देश की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को एक मंच पर लाने का कार्य किया। शाम के सत्र में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. मुकेश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कला और रचनात्मकता भी आवश्यक है। उन्होंने पुस्तक पढ़ने और रचनात्मक अभिव्यक्ति को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

डॉ. प्रदीप ने कहा कि अध्ययन के साथ प्रतिभा का विकास भी जरूरी है, क्योंकि यह भविष्य में सफलता प्राप्त करने की कुंजी है। एनएसएस शिविर का यह छठा दिन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने वाला रहा, जिसमें जागरूकता, संस्कृति और खेलकूद का अनूठा संगम देखने को मिला।

# भाजपा का परिवार लगातार हो रहा मजबूत: रेनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वजीरचंद कालोनी** में भाजपा मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता के पहुंचने पर फूल मालाओं व गुलदस्ता देकर कर्मवीर बिहोली व एडवोकेट अरविंद नीटू मान और समस्त कालोनी वासियों ने स्वागत किया। रेनू बाला गुप्ता ने सभी से अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करवाने की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव आप सभी कार्यकर्ता लड़ रहे हैं और इसमें होने वाली जीत भी आपकी ही होगी। नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। डबल इंजन की सरकार के साथ इस चुनाव में जीत दर्ज करके ट्रिपल इंजन की सरकार आम के जनहितैशी कार्य करेगी। रेनूबाला गुप्ता ने



कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव करनाल जिला में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। इसी तरह अब नगर निगम चुनाव में भी भाजपा के सभी उम्मीदवार विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकासात्मक सोच को आजमा कर देख लिया है। आज करनाल में तेज गति से विकास का पहिया आगे बढ़ रहा है। आने वाले 2 मार्च को जनता कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर शहरों की सरकार बनाने का कार्य करेगी।

बैठक के दौरान अपने सम्बोधन में रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि भाजपा कभी भी किसी भी चुनाव चाहे वह छोटा है या चुनाव बड़ा है, उसे हल्के में नहीं लेती।

उन्होंने सभी को कहा कि इन चुनावों में अधिक से अधिक मतदान के घर-घर जाकर लोगों से सम्पर्क करें, ताकि कोई भी मतदाता न छूटे। इस चुनावों में सभी ने मिलकर बड़ा कमल खिलाने का काम करना है। इस अवसर पर पार्षद संजीव मेहता, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता,अशोक खुराना, वरिष्ठ भाजपा नेता अतर सिंह संधू, गिन्नी वर्क, जगदेव पाढा, प्रवीण लाठर, आकाश भट्ट, प्रवेश गाबा, पूर्व पार्षद कनक रानी, विनय गोयल, मनोज राणा, अंकुश गुप्ता, विकास चुटनी, युवा नेता प्रिंस, रविंद्र सिंह, शिव शर्मा गगन मेहता, रजत खन्ना, अमित प्रधान आदि मौजूद रहे।

# सामान खरीदने लगा युवक, चोर बाइक ले गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना** क्षेत्र के जाटी मोड़ पर सामान खरीदने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। वहीं मोहाना थाना क्षेत्र में प्लॉट के बाहर से बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्वतंत्र नगर नरेला दिल्ली निवासी अभिषेक ने बताया कि वह अपनी बाइक पर सवार होकर जाटी मोड़ पर सामान खरीदने के लिए आया था। दुकान के सामने बाइक खड़ी करके सामान लेने के लिए चला गया। सामान लेकर वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की काफी देर तक तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

# दुकान के अंदर जाने से मना किया तो तेजधार हथियार से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र के** ककरोई सड़क मार्ग पर मीट की दुकान के अंदर जाने से दुकानदार ने रोका तो युवक ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। दुकानदार ने किसी तरह अपना बचाव किया। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सुंदर सांवरी जटवाड़ा निवासी रौनक ने बताया कि उसकी ककरोई रोड पर दुकान है। वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान हाथ में तेजधार मास काटने वाला चाकू लेकर सन्नी नाम का युवक दुकान पर आया। उसे दुकान के अंदर जाने से रोका तो उसने हमला कर दिया। बीच-बचाव किया तो उसके हाथ पर चाकू लगा। उसके बाद सन्नी ने पैर पर चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया।

# रोहतक को मजबूर नहीं मजबूत मेयर चाहिए : दीपेन्द्र सिंह हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक। कांग्रेस** सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि रोहतक को मजबूर नहीं मजबूत मेयर चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में बीजेपी सरकार ने रोहतक में विकास के काम पर कभी फोकस नहीं किया। घोटाले पर घोटाले हुए, लेकिन कोई जांच नहीं हुई क्योंकि ऊपर की दोनों सरकारें बीजेपी की ही थी। खुद भाजपा सांसद ने खुलासा किया था कि रोहतक में अमृत योजना में तीन सौ करोड का घोटाला हुआ। उन्होंने कहा कि शहर की सीवरेज सफाई के लिये आये पैसों से सफाई तो हुई नहीं, लेकिन तीन सौ करोड साफ हो गए। सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा रविवार को रोहतक में कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी सूरजमल किलोई व पार्षद उम्मीदवारों के समर्थन आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। निकाय चुनाव में जनता भाजपा के अहंकार और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम करेगी। आज रोहतक दुर्दशा का शिकार है। रोहतक में सडकें और सीवरेज व्यवस्था खस्ता हाल है। नई सडकें बनाना तो दूर, यह सरकार उन पर पैच वर्क तक नहीं करवा पा रही। भाजपा लोगों को पीने लायक पानी तक मुहैया करवाने में नाकाम साबित हुई है। लोग मूलभूत सुविधाओं तक को तरस गए हैं।

कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय रोहतक महानगर की तरह विकास के नक्शे पर उभरा लेकिन पिछले दस साल में विकास की पटरी से उतर गया। उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बतरा, शकुंतला खटक, चक्रवर्ती शर्मा ने भी अपने

# हकेवि कुलपति प्रो. पवन कुमार मौर्य ने किया पुस्तक का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के जैव रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. पवन कुमार मौर्य और स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के डॉ. इम्तियाज कमर द्वारा संपादित व सि्प्रगर सिंगापुर द्वारा प्रकाशित पुस्तक का हकेवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विमोचन किया। ह्यसेल्युलर सेंसेंस ऐज रिलेटिड डिसआर्डर एंड इमरजिंग ट्रीटमेंट्सह्य नामक इस पुस्तक का विमोचन करते हुए कुलपति संपादकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक



आयु-संबंधी विकारों के क्षेत्र में काम करने वाले शैक्षणिक पेशेवरों के लिए काफी उपयोगी है। प्रो. टंकेश्वर कुमार को पुस्तक की पहली प्रति भेंट करते हुए पुस्तक के संपादक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि यह पुस्तक सेल्युलर एजिंग के जैविक तंत्र और आयु-संबंधी बीमारियों में इसकी भूमिका को एक्सप्लोर करती है। पुस्तक में सेंसेंस पर नवीनतम अनुसंधान, इसके स्वास्थ्य पर प्रभाव, और आयु-संबंधी विकारों को कम करने या उलटने के लिए नवीन चिकित्सीय दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई है, जो भविष्य में उपचारों के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करती है। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंतरेश कुमार ने पुस्तक के संपादक व लेखकों को बधाई देते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की। यहां बता दें कि इस पुस्तक को तैयार करने में डॉ. मुलका मारुति, सुश्री क्रीना मोर, श्री गणेश एस. काकडे, सुश्री प्रिया और सुश्री समिना मुस्कान सक्रिय योगदान दिया है।

# टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार।** आज के दौर में रिटायरमेंट के इच्छुक लोग वित्तीय स्वतंत्रता की नयी परिभाषा रच रहे हैं, ऐसे समाधान खोज रहे हैं जो उनकी बदलती जीवनशैली, करियर की महत्वाकांक्षाओं और धन को लेकर दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा कर सकें। चाहे वह त्र्क्षप्तम्‌ (वित्तीय स्वतंत्रता, जल्दी रिटायरमेंट) पीढ़ी हो, करियर में बदलाव करने वाले पेशेवर हों या अपने उद्यम शुरू करने वाले उद्यमी हों, वे ऐसे निवेश के तरीके चाहते हैं, जो वित्तीय सुरक्षा और धन बनाने के अवसर प्रदान करें। लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच

TATA AIA
LIFE INSURANCE

निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की जरूरत बढ़ती जा रही है। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के मुख्य निवेश अधिकारी श्री हर्षद पाटील ने कहा, आज रिटायरमेंटप्लानिंग के लिए एक बेहतर, अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि से लाभ उठाना चाहते हैं।

# हरियाणा कांग्रेस ने निकाय चुनाव के लिए जारी किया घोषणा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। हरियाणा में** निकाय चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की ओर से हरियाणा का घोषणा पत्र जारी किया गया। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में घोषणा पत्र जारी करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश के मतदाताओं से निकाय चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देते हुए विजय बनाने की अपील की। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में घोषणा पत्र जारी करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह यादव, प्रभारी करण दलाल, पूर्व मंत्री गीता भुक्कल समेत कई नेता मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता में हरियाणा के चुनावी घोषणा पत्र पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा




व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने हरियाणा निकाय चुनाव का घोषणा पत्र पढ़ा। कांग्रेस की ओर से जारी घोषणा पत्र में कहा गया है कि शहरों को ग्रीन सिटी क्लीन सिटी बनाया जाएगा। ग्रीन बेल्ट व पार्कों का सौंदर्यकरण करके रोशनी का प्रबंध किया जाएगा। शहर के सभी चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण करके गड्ढा मुक्त किया जाएगा। भ्रष्टाचार मुक्त नगर निगम बनाया जाएगा। अपराध से मुक्ति दिलवाने के लिए शहर, मंडी, सभी बाजार व चौक-चौराहों पर सीसीटीवी की संख्या जरूरत अनुसार बढ़ाई जाएगी। शहरों को गंदगी मुक्त करके स्वच्छता की सौगात दी जाएगी। कूड़ा रखरखाव के लिए स्थान निर्धारित किए जाएंगे। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया को दुरुस्त किया जाएगा। घोषणा पत्र में आगे कहा गया है कि ठोस कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था होगी। जलभराव का स्थायी समाधान होगा। जल निकासी के लिए पुराने नालों को साफ व पक्का किया जाएगा। हर कालोनी में पेयजल, सीवरेज व जल निकासी की उचित व्यवस्थाा होगी। शहर में जगह जगह पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगवाए जाएंगे। सार्वजनिक शौचालयों विशेषकर महिला शौचालयों की संख्या बढ़ाई जाएगी। शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग तैयार की जाएंगी, ताकि वाहनों को उचित पार्किंग मिले।

# संपादकीय

## सोशल मीडिया का दुष्प्रयोग और सांस्कृतिक संकट

**सोशल मीडिया** आज संचार की दुनिया में एक बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। उसकी सक्रिय उपस्थिति से आबालवृद्ध सभी प्रभावित हो रहे हैं। उसकी अपरिहार्य, तीव्र और लुभावनी और सुगम उपस्थिति आज समाज में सबको अपने आगोश में लेती जा रही है। सूचना की दुनिया से आगे बढ़ कर सोशल मीडिया हमारी निजी उपस्थिति और उसकी सार्थकता के आशय और जीवन के सरोकार सबको प्रभावित कर रहा है। हमारी अस्मिता को रचता हुआ वह किसी दुनिया या सत्य का प्रतिनिधित्व या प्रस्तुति से आगे बढ़ कर अपनी एक स्वायत्त दुनिया बना चुका है। उसका अपना वजूद वास्तविक दुनिया को भी गढ़ रहा है। खास तौर पर संचार प्रौद्योगिकी की दुनिया में मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया ने आम आदमी की ज़िंदगी में जिस तरह की जबरदस्त सेंधमारी की है उसका निकट इतिहास में कोई जोड़ नहीं दिखता। इसकी लोकप्रियता कितनी है इसका अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल है। लोग जीवन में बिताए जाने वाले समय में घंटों इससे चिपके रहते हैं। सोते समय स्वोपन के मिथ्या जगत में तो हम रहते हैं परंतु आज की सच्चाई यह है कि जाग्रत अवस्था में वर्चुअल या आभासी दुनिया में हमारी आवाजाही वास्तविक दुनिया में जीने की तुलना में बढ़ती जा रही है। आज सबके मन में अपने को रचने, प्रस्तुत करने और एक बड़े विस्तृत फलक पर उपस्थित करने की प्रबल इच्छा जाग रही है। दर्शक को प्रतिभागिता का अवसर देने वाली अंतःक्रियात्मक सोशल मीडिया दर्शक या पाठक को बेहिसाब शक्ति का अहसास कराती है। इसकी लोकप्रियता का गणित ऐसा है कि 'इंफ्लुएंसर ' (यू ट्यूबर!) गण देश के सामाजिक-सांस्कृतिक नेता की तरह अभिनंदित होते हैं और अच्छी खासी आर्थिक कमाई भी करते हैं। यानी वर्चुअल दुनिया मुख्य होती जा रही है और वास्तविक दुनिया के दिलो-दिमाग को संचालित कर रही है। वह रंगीन, गतिशील और अत्यंत व्यापक है और इसलिए उसके स्पर्श में आकर आदमी आसानी से बदल जाता है। अब दैनिक जीवन के जीने के सामान्य अभ्यास में ह्रस्क्रीन टाइम्ह (संचार और संवाद के गैजेट से जुड़ा रहने में बिताने वाला समय) एक खास मद हो गया है। यह आभासी दुनिया लोगों को अपने अनुभव-संसार को गढ़ने के लिए कई विकल्पों के साथ असीमित लगने वाली छूट दे रही है और वास्तविक दुनिया में होने वाली गतिविधियों को निर्धारित कर रही है। दर्शक को अपनी निजी स्वतंत्रता के विस्तार का अहसास होता है। इस तरह का यह आभासी दायरा अब इंटरनेट के सहयोग से अपरिमित-सा होता जा रहा है। यह अब मन मस्तिष्क पर छाता हुआ यह आभासी हस्तक्षेप हमारे भाव-जगत को आकार देने लगा है। इस तरह वह जाने अनजाने हमारे स्वभाव को भी बनाते-बिगाड़ते हुए प्रभावित कर रहा है। हमारा स्वाद बदल रहा है। हम क्या हैं और क्या होना चाहते हैं यह सबकुछ मीडिया पर टिकने लगा है। ठीक से कहें तो यह सबको अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। आदमी के मनो-जगत में प्रवेश कर यह चुपके-चुपके हमारी आकांक्षा, अभिरुचि, गतिविधि और व्यक्तित्व सबको गढ़ने वाला एक अचूक औजार साबित हो रहा है।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी



रमेश सर्राफ धमोरा

> बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं। डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं

**उत्तर** प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी। हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा। शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक



अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी। महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है।

संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए। शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है।

बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं। डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई।

इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बाद यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 18 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक नई रिपोर्ट देकर सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट को झुठला दिया है। इस रिपोर्ट में बताया है कि नाले का पानी प्रयागराज की गंगा-यमुना नदी में सीधे तौर पर नहीं गिर रहा। कुल छह पॉइंट पर पानी नहाने लायक है। सिर्फ शास्त्री ब्रिज के नीचे पानी की गुणवत्ता थोड़ी बहुत सही नहीं है और इसके जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि एनजीटी ने इस नई रिपोर्ट पर असंतोष जताया है। कहा कि अगर सेंट्रल की रिपोर्ट गलत है तो यूपी वाले एक्शन लें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से गंगा-यमुना के पानी की गुणवत्ता पर एक हफ्ते में नई विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस पर अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। दरअसल ये पूरा मामला उन 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। जो महाकुंभ में संगम स्नान करने प्रयागराज आए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के श्रद्धालुओं पर संभावित असर को देखते हुए ही यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने नई रिपोर्ट बनाकर इसका जवाब दिया है। गंगाजल की शुद्धता को लेकर राज्य और केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड में जो खींचतान मची हुयी है उसका असर कुम्भ स्नान के लिये आने वाले लोगों पर नहीं देखा जा रहा है। आनेवालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोगों की आस्था में कहीं कोई कमी नहीं देखी जा रही है। प्रयागराज के महाकुम्भ में करोड़ो लोगो ने स्नान किया है मगर किसी कोई दिक्कत होने की खबर नहीं मिली है। ऐसे में गंगाजल की शुद्धता को लेकर विवाद करने से अच्छा है जनभावनाओं का सम्मान करें।

# कविता

गुजर जाता हर कोई अजनबी बन।

पूरी उम्र गुजरी कोई जानता न था  
वाकि फ थे कोई पहचानता न था..

गुजर जाता हर कोई पराया सा बन  
मेरे शहर को मुझ ही से वास्ता न था।

खुला मेरा दर अब तक मुसलसल,  
गाहे-बगाहे भी कोई झांकता न था।

दरवेश घूमता रहा उस शहर में जहां  
शहर के लोगों का उससे नाता न था।

पैदाइशी रहा ये शहर मेरा ही शहर,  
कोई देगा आवाज मुझे मुगालता न था।

जाने पहचाने सब के सब हैं यहां,  
किसी का किसी से रिश्ता न था।

तेरी मेरी सबकी कहानी यही है बस  
चुप्पी के सिवाय कोई रास्ता न था।

खामोशी ही हमारी आवाज रही  
संवाद से कभी कोई वास्ता न था।

मुसलसल-लगातार,  
मुगालता- भ्रम।

संजीव

## कलयुग से अर्थयुग की ओर बढ़ता आज का मानव

बलदेव राज भारतीय

**कल** कल करते कलयुग का अर्थयुग में परिवर्तन एक बहुत बड़ी घटना मानी जाएगी। कलयुग की अवधारणा के पीछे शास्त्र कुछ भी कहते हों, मगर भौतिक परिवेश में यह युग कलपुर्जों का युग यानि मशीनों का युग कहलाता है। वहीं कर्मक्षेत्र की दृष्टि से अगर हम देखें तो इस युग में मनुष्य ने आलस्य का लबादा ओढ़कर आज के काम को कल पर छोड़ना सीख लिया था। इसीलिए यह युग कलयुग कहलाया। परन्तु आज स्थितियों में बहुत परिवर्तन आ रहा है। मशीनें अब भी पहले की तरह महत्त्वपूर्ण बनी हुई हैं। मनुष्य आज भी कल कल करता है। परन्तु आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जिसे सही मायनों में अर्थ युग कहा जा सकता है। यह वह युग है जहाँ हर वस्तु, हर संबंध, हर भावना और हर विचार को आर्थिक लाभ और स्वार्थ की दृष्टि से देखा जाने लगा है। यहां अर्थ का तात्पर्य केवल मतलब से नहीं, बल्कि धन से भी है। मनुष्य की सोच और प्रवृत्तियाँ इतनी बदल चुकी हैं कि वह अपने स्वार्थ के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। यही कारण है कि लोग अपने लाभ के लिए गधे को भी बाप बना लेते हैं और जब स्वार्थ समाप्त हो जाता है, तो अपने सगे बाप को भी गधा साबित करने में संकोच नहीं करते। संवेदनाएँ, भावनाएँ, रिश्ते और नाते अब केवल शब्दों तक सीमित रह गए हैं। इनकी वास्तविकता, इनका अस्तित्व और इनका मूल्य आधुनिक समाज में लगभग समाप्त हो चुका है। समाज का हर व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं, इच्छाओं और लालसाओं के पीछे इस तरह भाग रहा है कि वह अपने ही मूल्यों और संस्कारों को भूल चुका है। परिणामस्वरूप, हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ मनुष्य, मनुष्य न रहकर केवल एक स्वार्थी यंत्र बन चुका है। तकनीक और डिजिटल युग ने हमें अद्भुत सुविधाएँ प्रदान की हैं, लेकिन इसके कारण हमारी मानवता धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। एक छोटा सा स्मार्टफोन, जो मूल रूप से हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए बनाया गया था, आज हमारे जीवन का शासक बन गया है। इसने बच्चों से उनका बचपन छीन लिया, युवाओं से उनका यौवन और बुजुर्गों से उनकी संतान का साथ। बच्चे अब खुले मैदानों में खेलने की बजाय मोबाइल स्क्रीन में खोए रहते हैं। युवाओं का ध्यान कैरियर और समाज की ओर कम और सोशल मीडिया और वर्चुअल दुनिया में अधिक रहता है। वृद्धजन, जो कभी अपने परिवार के केंद्र होते थे, अब अकेलेपन का शिकार हो गए हैं। उन्हें अपनी संतान से स्नेह और सम्मान की बजाय तिरस्कार और उपेक्षा मिल रही है। यही कारण है कि वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है और घरों में वृद्ध माता-पिता बोझ बनते जा रहे हैं। जब मनुष्य अपने संस्कार भूल जाता है, तो उसकी संवेदनाएँ भी समाप्त हो जाती हैं। उसे अपने और पराए का कोई भान नहीं रहता।

# विचार

## बजट पर भारी पड़ती मुफ्त योजनाएं

प्रेम शर्मा

**केन्द्र एवं** राज्य सरकार जब भी बजट पेश करती है उनके सामने आगामी चुनाव छाया की तरह नजर आता है। सरकारों को शायद अब इस बात की चिंता बिल्कुल नहीं रह गई है कि मुफ्त की योजनाएं चलाने से खजाने पर पड़ने वाले बोझ की भरपाई कहां से हो पाएगी। मुफ्त योजनाओं को लेकर सर्वोच्च न्यायालय भी नसीहत दे चुका है और अनेक अर्थ शास्त्री मुफ्त योजनाओं को लेकर समय समय पर सावधान करते रहे हैं, पर हर सरकार चुनावी समीकरण को ध्यान में रखते हुए न केवल पहले से चल रही मुफ्त की योजनाओं को जारी रखने का प्रयास करती हैं, बल्कि कुछ नई योजनाएं भी घोषित करती देखी जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट इसका ताजा उदाहरण है। वहां पहले से विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को मुफ्त लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल फोन आदि बांटने की योजना चल रही है। अब 25-26 के बजट में मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए चार सौ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ रुपए के इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 9.8 फीसद अधिक धन का प्रावधान किया गया है। मगर बजट का काफी बड़ा हिस्सा मथुरा वृंदावन और मीरजापुर जैसी जगहों पर धार्मिक गलियारों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्धार - पुनरुद्धार और द्रुतगामी मार्गों के लिए आबंटित किया गया है। पहले से चल रही लखपती दीदी जैसी योजनाओं का दायरा और बढ़ाने के लिए बड़ी राशि आबंटित की गई है। बजट सरकार एवं सरकारों के कामकाज का आईना होते हैं। बजट संकेत देता है कि कोई सरकार अगले एक वर्ष में क्या काम करने जा रही है और उसकी प्राथमिकता क्या होगी। जनअपेक्षा की जाती है कि सरकारें जनकल्याण और सामाजिक कल्याण के कार्यों पर अधिक खर्च करें। ऐसी योजनाओं को प्रोत्साहित करें, जिससे राज्य और देश के आर्थिक विकास को बल मिले। जबकि मुफ्त की योजनाओं का व्यापक अनुभव यही रहा है कि वे अनुत्पादक साबित होती हैं। उनसे सरकार पर वित्तीय बोझ ही बढ़ता है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारें मुफ्त की योजनाएं चला कर लोगों को अकर्मण्य बना रही हैं। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने बजट में चार सौ करोड़ रुपए मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए आबंटित किए हैं, तो जाहिर है, उसका मकसद अगले चुनाव में लोगों को आकर्षित करना है, इसके कोई उत्पादक नतीजे नहीं निकलने वाले। इसके बरक्स विचित्र है कि सरकार ने उच्च शैक्षिक संस्थानों और राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने के लिए महज पचास करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। नए बन रहे महाविद्यालयों के लिए भी पचास करोड़ रुपए तय किए हैं। उत्तर प्रदेश में शिक्षा के स्तर को लेकर अनेक बार अंगुलियां उठती रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं में नकल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पर्चाफोड़ और अनियमितताओं आदि को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में अगर मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे भी दी जाए, तो उनके जीवन में कितना बदलाव आ जाएगा, कहना मुश्किल है। अगर शिक्षा का स्तर सुधारने को लेकर सरकार सचमुच संजीदा होती, तो वह शैक्षिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं बेहतर बनाने, स्कूल-कालेजों में अध्यापकों के खाली पदों पर भर्ती आदि पर जोर देती। स्कूटी, लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल जैसे साधन देने से वास्तव में उन्हें कितना लाभ मिलेगा, इसका आकलन शायद नहीं किया गया। मुफ्त योजनाओं पर यह सवाल दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही खड़ा किया था, जब कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनावों में भी महिलाओं और नौजवानों के लिए ऐसे ही वादे किए थे। हिमाचल में कांग्रेस ने इस चुनावी वादे किए थे। तीनों जगह महिलाओं और नौजवानों को लुभाने के लिए उन्हें हर महीने भत्ता देने का वादा हुआ। कह सकते हैं, पार्टी को इसका फायदा भी मिला।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी हैं। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी  
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)  
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## लोककला के नाम पर अश्लीलता का तड़का

प्रियंका सौरभ

**वर्तमान** परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रहा है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि ' विदेशी / वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरा होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा। अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरूआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मर्यादा सब छिन्न-भिन्न होता जा रहा है। यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए है, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है।

## सोशल मीडिया के साये में

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

**सोशल** मीडिया के भव्य महल में हर दिन नई महफिल सजती है। यहाँ का हर कोना कनेक्टेड है, और वहाँ का हर मेहमान अपनी रेटिंग और लाइक की गिनती करता है। वहाँ बैठे लोग, जिनका चेहरा स्क्रीन पर चमकता है, मानो वे डिजिटल देवता हों। हर सुबह जब सूरज उगता है, तो लोग नहीं, बल्कि उनके स्मार्टफोन होते हैं जो आँखें खोलते हैं। किसी ने सही कहा है, आधुनिकता में समर्पण का नाम ही है। एक दिन, महल में एक उत्सव मनाने का फैसला किया गया—लाइक्स का महोत्सव। हर कोई इस महोत्सव के लिए खासतौर पर तैयार हुआ। कुछ ने अपने कपड़े बदलने में दिन गुजारा, जबकि कुछ ने अपने चेहरे की फोटोशॉपिंग में समय लगाया। महोत्सव का उद्देश्य केवल एक था: अपनी तस्वीरें पोस्ट करना और अनगिनत लाइक्स हासिल करना। क्या लाइक्स सच में जीवन का लक्ष्य हैं? यह सवाल वहाँ हर किसी की जुबान पर था, लेकिन कोई भी उत्तर देने का साहस नहीं जुटा पाया। महोत्सव में आए मेहमान इस तरह से बैठे थे जैसे वे किसी गंभीर कॉन्फ्रेंस में हों। लेकिन असल में वे केवल अपने मोबाइल फोन में छिपे हुए थे। एक ने तो अपने फोन के सामने मुंह बंद कर रखा था, जैसे कोई पवित्र ग्रंथ पढ़ रहा हो। अब चर्चा में वही था—मैंने इस हफ्ते कितने पिक्स सेल्फी ली हैं? दूसरे ने जवाब दिया, बस पाँच, लेकिन मैंने उनकी ब्राइटनेस बढ़ा दी थी। इससे लाइक्स की बारिश हुई!

इसके बीच में, एक प्रौद्योगिकी विद्वान ने कहा, लाइक्स का असली मतलब क्या होता है? ये केवल एक आंकड़ा हैं जो हमें ध्यान भंग करने के लिए बनाए गए हैं। लेकिन हमें तो बस दिखाना है कि हम कितने व्यस्त हैं! तभी एक और मेहमान ने बोला, अरे, अपने पालतू जानवरों की तस्वीरें डालना मत भूलना! वे हमारी सोशल लाइफ के सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके बिना हम अधूरे हैं। हाँ, वास्तव में, यहाँ पालतू जानवरों की तुलना में कोई दूसरा विषय नहीं था। किसी ने एक कुत्ते की तस्वीर पोस्ट की, और तुरंत उसके नीचे सैकड़ों कमेंट्स आने लगे, वाह, कितना क्यूट है! और क्या खूबसूरत मुस्कान है!

## न्यूज फ्लैश

### होंडा को FIA रोड सेफ्टी इंडेक्स के तहत 3 स्टार की सर्वोच्च रैंकिंग मिली

**करनाल ।** होंडा ऑटोमोटिव उद्योग में पहली कंपनी बन गई है, जिसे FIA1 रोड सेफ्टी इंडेक्स के तहत 3 स्टार की सर्वोच्च रैंकिंग मिली है। FIA ने यह इंडेक्स व्यवसायों और संगठनों को उनके रोड सेफ्टी फुटप्रिंट को मापने में सक्षम बनाने के लिए बनाया है। 3-स्टार मान्यता की घोषणा 17 फरवरी को चैलेंज 2030: अचीविंग द ग्लोबल रोड सेफ्टी गोल्स" में की गई, जो कि रोड सेफ्टी पर 4वें ग्लोबल मिनिस्टीरियल कॉन्फ्रेंस का एक समवर्ती कार्यक्रम था। ऋक्कअ रोड सेफ्टी इंडेक्स एक नया टूल है, जिसे कंपनियों और संगठनों को रोड सेफ्टी पर अपने संचालन के प्रभाव को देखने और मापने और अधिक टिकाऊ रोड ट्रैफिक हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सूचकांक प्रत्येक कंपनी/संगठन के सुरक्षा पदचिह्न का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करता है, जो उनके सड़क सुरक्षा लक्ष्यों, प्रतिबद्धता और उनकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में सड़क यातायात दुर्घटनाओं और चोटों की संख्या जैसे विभिन्न कारकों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त, FIA RS इंडेक्स सिस्टम में दो रेटिंग शामिल हैं, आपूर्ति श्रृंखला रेटिंग, जो कच्चे माल की खरीद से लेकर उत्पादों के विकास और उत्पादन और उत्पादों की ग्राहक डिलीवरी तक कॉर्पोरेट गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करती है, और उत्पाद/सेवा रेटिंग, जो उत्पादों/सेवाओं के सुरक्षा पहलुओं का मूल्यांकन करती है। होंडा ऑटोमोटिव उद्योग में पहली कंपनी बन गई जिसने दोनों रेटिंग के लिए ऑडिट करवाया और दोनों रेटिंग में उच्चतम रेटिंग प्राप्त की।

### जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन को मिला 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' का पुरस्कार




**नोएडा।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स में प्रतिष्ठित 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है। यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

# पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

## पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: परम वंदनीय** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी 2025 की स्वर्णिम प्रभात एक नवीन जागृति एवं सेवा के दिव्य प्रकाश का संदेश लेकर आई जिसके अंतर्गत ह्यअमृत प्रोजेक्ट के स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ और उसी के साथ दिल्ली के ग्राउंड नं 8 में एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में आयोजित हुई ह्यअमृत प्रोजेक्टह्ण परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का



पूर्ण रूप से पालन किया गया। युवाओं की विशेष भागीदारी इस अभियान का प्रमुख आधार रही। उन्होंने यह भी सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की नहीं, अपितु हर माह विभिन्न घाटों व जल स्त्रोतों की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगी। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में, पूज्य बाबा हरदेव सिंह जी की अनंत शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस पवित्र अभियान का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी पूर्व की भांति ही ह्यआओ सवारें, यमुना किनारेह्ण का उद्घोष करते हुए इस प्रयास को और व्यापक स्वरूप दिया गया। 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 1650 से अधिक स्थानों पर, 10 लाख से भी अधिक सेवाभाव से ओत-प्रोत स्वयंसेवक भक्तों ने एक साथ इस पुनीत अभियान को साकार किया। यह दृश्य केवल प्राकृतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर, अंतर्मन को निर्मल और पवित्र करने की एक आध्यात्मिक यात्रा का सुंदर प्रतीक बन गया। प्रत्येक श्रद्धालु की समर्पित उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि जब प्रेम, सेवा और समरसता का दिव्य संगम होता है, तब प्रकृति भी नवजीवन का अनुभव करती है। सतगुरु माता जी ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि पानी अमृत समान है, जिसे प्रकृति ने हमें जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहार के रूप में प्रदान किया है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी स्वाभाविक आदत होनी चाहिए।

## जयराम विद्यापीठ के श्री रामेश्वर महादेव मन्दिर में होगा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : देश** के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति श्री रामेश्वर महादेव मन्दिर में स्थित विश्व के दुर्लभ स्फटिक मणि शिवलिंग को विशेष तौर पर सजाया जा रहा है। प्रबंधक रोहित कौशिक ने बताया कि महाशिवरात्रि पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूरा दिन विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन व अभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ का अदभुत सुंदर श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।

आचार्य प. प्रतीक शर्मा ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के आशीर्वाद से विद्यापीठ में महाशिवरात्रि के अवसर पर चार पहर अखण्ड महा रुद्राभिषेक होगा। यहां की विशेष पूजा में दिल्ली, नरवाना, सोनीपत, कैथल, सिरसा व चण्डीगढ़ सहित दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि शिवभक्तों के लिए सबसे बड़ा पर्व होता है। इस दिन पूरे विधि-विधान से विद्यापीठ के ब्रह्मचारियों द्वारा भोलेनाथ शिव शंकर की आराधना की जाती है। इस पावन दिन पर भोलेनाथ का पूर्ण श्रृंगार किया जाता है।

## किसान नेता राजेंद्र आर्य दादूपुर को मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।किसान नेता** राजेंद्र आर्य दादूपुर द्वारा ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट विनीत सोखी की अदालत में लगाई गई जमानत याचिका को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि आगामी आदेश तक पुलिस राजेंद्र आर्य दादूपुर को गिरफ्तार नहीं करे। पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान की शिकायत पर विभिन्न धराओं में गुरनाम सिंह चढूनी तथा भारतीय किसान मजदूर नौजवान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र आर्य दादूपर तथा अन्य के खिलाफ बुटाना थाने में मामला दर्ज करवाया था।

## विवाह इस सुंदर सृष्टि के संचालन का आधार भी: कोमल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
विवाह एक धार्मिक संस्कार ही नहीं इस सुंदर सृष्टि के संचालन का आधार भी है लेकिन कुछ साधन हीन परिवार अपनी लाडली की शादी समय पर नहीं कर पाते ऐसे परिवारों के लिए समाज सेवी संस्थाएं आगे बढ़कर सहयोग करके सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करती है। ऐसी संस्थाओं की जितनी सरहाना की जाए कम है आज के समारोह में 19 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूरे विधि विधान के अनुसार करवाया गया है यह बात नगर निगम पानीपत की मेयर पद की भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने अंबिसिं गार्डन सेक्टर 25 के परिसर में आरंभ एक नई



साशुरूआत संस्था की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए। कही उन्होंने सभी 19 जोड़ों को आशीर्वाद दिया और आयोजक मंडल की ओर से प्रत्येक जोड़े को नई गृहस्ती बसाने के लिए जरूरी सभी समान भी दिया गया कोमल सैनी ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में रह कर ही वह मान मयार्दाओं और सामूहिक दायित्व का सही निर्वाण करके कोई भी मनुष्य महान बन सकता है इसलिए आरंभ एक नई शुरूआत संस्था की चारों ओर सराना की जा रही है। इस अवसर पर संस्था के प्रधान सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि उनके संस्था अब तक 53 जोड़ों की शादी करवा चुकी है और भविष्य में भी लोगों का इसी प्रकार सहयोग होता रहेगा विधायक प्रमोद विज ने कहा कि भारत दानवीरों की भूमि है यहां पात्र व्यक्तियों की सहायता करने वालों की कोई कमी नहीं है। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने संत निरंकारी समागम देशवाल चौक, नया कोर्ट गुरुद्वारा सेक्टर 12, गांधीमंडी, सात कृपाल आश्रम बरसात रोड, नूर वाला में जनसभा और हिमगिरी स्कूल नूर वाला में बरसात रोड और गांव नूर वाला में का कमल खिलाने और भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील भी जनता से की ।

## अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। गांव ब्याना** स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों में विभिन्न विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी ने की। संयोजन व संचालन हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा व हिन्दी अध्यापक नरेश मीत ने किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में अस्मिता ने पहला, अदिति ने दूसरा और अनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उदित, तरुण, समिष्टि, मन्नत, चारु, पार्थ, मनप्रीत की प्रस्तुतियों को भी पसंद किया। सभी को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में खंड स्तरीय पढ़े भारत-बढ़े भारत पठनवर्धन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी देवांशी, यशवी, सिमरण, अंशिका, पार्थ, मनप्रीत, चारू, मानसी, जिज्ञांश व वंशिका को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक बलविन्द्र सिंह, अश्वनी कांबोज, निशा कांबोज, संगीता शर्मा, सोमपाल व रमन सैनी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## बैठक में रेजीडेंसी वेलफेयर कमिटी का किया गया गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: ग्रीन वुड सिटी** सेक्टर 26 27 की रेजीडेंसी वेलफेयर कमिटी की बैठक सी ब्लॉक पार्क मे हुई। इस सबसे पहले रेजीडेंसी वेलफेयर कमिटी का गठन किया। इस मे पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी को रसीडेंट वेलफेयर कमिटी का प्रधान चुना गया सचिव कुलदीप वर्मा एवं उपाध्यक्ष जिनेस सरोहा रामपत शर्मा को कोषाध्यक्ष



बनाया गया है। मुख्य कार्यकरनी मे राजबीर हूडा वेद प्रकास पहलाद धर्मबीर अशोक जी को बनाया गया । अध्यक्ष अनिल झरोठी ने कहा की ग्रीन वुड सिटी को सुन्दर सिटी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण समिति की मासिक मीटिंग हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पर्यावरण** संरक्षण समिति की मासिक मीटिंग सैक्टर 13 आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। समिति अध्यक्ष एसडी अरोड़ा ने सभा में एजेण्डा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि समिति का रिन्यूवल मार्च मास में जिला रजिस्ट्रार से करवाया जाना है। उसके लिए रिन्यूवल फीस ऑनलाइन जमा करवानी है, सदस्यों की लिस्ट भेजनी है, समिति की बैलेंस शीट भी जमा करवानी है। रिन्यूवल प्रक्रिया के लिए सभा द्वारा प्रधान एसडी अरोड़ा को अधिकृत किया गया। जिन सदस्यों की वार्षिक सदस्यता फीस जमा हो चुकी है या होनी है उसकी लिस्ट बना ली गई है, और जल्दी ही फाइनल कर ली जाएगी। दूसरा एजेण्डे में पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी नई पर्यावरण संरक्षण हरियाणा के नाम से छपवाई जाने वाली मैगजीन का रफ प्रूफ सभा में प्रस्तुत किया गया।

## काजल व उनके पति संदीप देशवाल ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के पानीपत में जिला** परिषद चेयरपर्सन काजल देसवाल व उनके पति संदीप देशवाल ने रविवार को सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। साथ ही पानीपत जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट से भी मुलाकात की। दोनों से काफी समय तक इनकी बातचीत हुई। जिससे जिले की राजनीति में चचाओं का बाजार गर्म हो गया। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि जल्द ही चेयरपर्सन अपना अगला बड़ा कदम उठाने वालीं है। वहीं, इन चचाओं के बारे में जब चेयरपर्सन काजल देसवाल के पति संदीप देशवाल से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि अब वे बीजेपी के साथ जुड़ गए हैं। जैसी भी पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे बखूबी निभाया जाएगा। जिले के विकास कार्यों को तेज गति दी जाएगी। बता दें कि पानीपत में जिला परिषद चेयरपर्सन काजल देसवाल भाजपा में शामिल हो गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के आवास पर पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बड़ौली ने काजल देसवाल और 7 अन्य पार्षदों को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। बता दें कि भाजपा समर्थित ज्योति शर्मा को पद से हटाने के बाद ही काजल जिला परिषद चेयरपर्सन बनी थीं। अब काजल ने कहा है कि वह भाजपा के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगी।

**इन 7 पार्षदों ने भी थामा पार्टी का दामन**

जिप चेयरपर्सन काजल देशवाल के अलावा जिला परिषद के अलग-अलग वार्ड से पार्षद नरायण दत्त, आकाश पोरिया, रेखा, हरेंद्र, पूजा, दयानंद कश्यप व जितेंद्र ने भी भाजपा ज्वाइन की है।

## चुनाव के लिए नियुक्त किए चुनाव पर्यवेक्षक: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जि**ला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा नगर निगम चुनाव करनाल के लिए सामान्य पर्यवेक्षक आई ए एस राजेश जोगपाल को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव प्रक्रिया से संबंधित अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह सामान्य पर्यवेक्षक से मिल सकता है तो वह सामान्य प्रयवेक्षक से दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक पीडब्ल्यूडी विश्राम ग्रह में मिल सकता है।

## 187वें रक्तदान शिविर में 93 रक्तदाताओ ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मां भारती रक्त वाहिनी** के 187 में रक्तदान शिविर में सनपेड़ा गांव के युवाओं ने हर बार की तरह बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया और शिविर में कुल 93 रक्तदाताओ ने पीजीआई खानपुर के रक्तकोष हेतु किया रक्तदान । शिविर का आयोजन पीजीआई खानपुर की रक्तकोष टीम ने आयोजन किया । यह रक्तदान शिविर समस्त गांव सनखेड़ा वह मां भारती रक्त वाहिनी के सहयोग से गांव के सरकारी स्कूल में लगाया गया । रक्तदान शिविर में संस्था के सदस्य जयदीप शर्मा ने विशेष भूमिका निभाते हुए रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सारी व्यवस्थाओं को करते हुए




शिविर को सफल बनाया। गांव के सरपंच प्रमोद ढाका , जितेंद्र शर्मा , प्राचार्य सुरेंद्र रोहिला के सहयोग से केम्प का आयोजन हुआ । साथ ही मां भारती रक्त वाहिनी की समस्त कार्यकारिणी व सभी सदस्यों ने मिलजुल कर रक्तदान शिविर में आए हुए रक्तदाताओं को सह सम्मान रक्तदान करवाया । इस रक्तदान शिविर में न सिर्फ सनपेड़ा बल्कि आसपास के गांव से भी रक्तदान करने के लिए रक्तदाता पहुंचे ।

शिविर में महिलाओं ने भी आकर अपना ब्लड टेस्ट कराया पूर्ण रूप से स्वस्थ ना होने की वजह से लगभग 10 महिलाएं बगैर रक्तदान किया वापस गई । मां भारती रक्त वाहिनी का एकमात्र उद्देश्य रक्तदान की कमी से किसी भी मरीज का जीवन ना जाए इसी उद्देश्य को लेकर लगातार 9 वर्षों से समाज हित में अपना योगदान देती आ रही है ।
इस शिविर में रक्तदाताओं को गाजर का जूस चुकंदर का जूस केले आदि रिफ्रेशमेंट में दिया गया । साथ ही पीजीआई खानपुर के रक्त कोष की टीम ने पहले से बेहतरीन सहयोग करते हुए रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया इस अवसर पर समस्त मां भारती रक्त वाहिनी टीम मौजूद रही

## सुदेश कश्यप को भारी मतों से विजयी बनाएं: हरपाल

**उद्घाटन**

**हरपाल ढांडा ने कालोनी में भाजपा प्रत्याशी सुदेश कश्यप के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**पानीपत नगर निगम का** चुनाव आगामी 9 मार्च को होगा इन चुनाव को लेकर भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इन दोनों घर-घर जाकर लोगों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता



हरपाल ढांडा ने वार्ड 8 की दलबीर कालोनी में भाजपा प्रत्याशी सुदेश कश्यप के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा रफल सिंह, वार्ड प्रभारी ईश कुमार राणा,पूर्व उप महापौर रवींद्र फूले ,नीरज राणा,कमला ,सुनीता पांचाल,अरविंद,प्रदीप ठाकुर,सुभाष कबीरपंथी, डा विवेक, दरियाओ सिंह, गुरुदत्त, प्रदीप कैप्टन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने कहा कि इन दिनो पूरे प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनाव की सरगर्मियां अपने चरम पर हैऔर भाजपा के हक में प्रदेश भर जबरदस्त लहर चल रही है। कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी हमेशा झूठ बोलकर जनता की बरगलाने का काम करती हे लेकिन अब भारत की जनता बहुत जागरूक हो चुकी है।अब वह इससे नितिन की बातों में नहीं आने वाली है। वहीं भाजपा 24 घंटे युवा कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने अपने जनसमूह से अनुरोध किया कि वे आगामी 9 मार्च को पार्षद पद की भाजपा उम्मीदवार सुदेश कश्यप व मेयर पद प्रत्याशी कोमल सैनी को कमल का बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाए।

## मनीष सैनी को मुकुट पहना कर सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत के बाल्मीकि** समाज ने मेयर पद की भाजपा उम्मीदवार कोमल सैनी के चुनाव कार्यालय मे आकर युवा भाजपा नेता मनीष सैनी को मुकुट पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोनी वैध, रवि राणा, विकास चन्दलानिया,संदीप, अंकित,तुषार और सनी रिडलान और राजीव रिडलान मौजूद रहे।
इस अवसर पर बोलते हुए राजीव रिडलान ने कहा कि भारत एक धार्मिक और आध्यात्मिक राष्ट्र है यदि भारत देश की वैदिक संस्कृति को बचाना है भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो लोक सभा एवं विधान सभा में ही नहीं स्थानीय निकाय चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को ही बार बार विजई बनाना होगा।इस मौके पर युवा भाजपा नेता मनीष सैनी ने कहा कि भारत युवा राष्ट्र है युवा कल्याण भारतीय जनता पार्टी का मुख्य एजेंडा भी है इसलिए हरियाणा के सभी युवाओं को स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजई बनाना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुभाष सैनी ने कहा कि भाजपा चुनाव में जनता से ऐसे वायदे करती है जिन्हें बिना किसी रुकावट के पूरा किया जा सके। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने युवाओं को बिना खर्ची पर्ची नौकरी देने का वायदा किया था । मुख्य मंत्री नायाब सैनी ने शपथ ग्रहण करते ही 25 हजार युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार पहली कलम से सरकारी नौकरी देने का सराहनीय कार्य किया है।इसलिए पानीपत के सभी युवाओं को इन चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी को जितने में पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर नीलम सहायक जिला न्यायवादी सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : आज महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष में सुश्री नीलम (सहायक जिला न्यायवादी) हांसी कोर्ट जिला हिसार को 'कानून संरक्षिका अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद में संत प्रकोष्ठ हरियाणा के अध्यक्ष वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक व साध्वी प्रकोष्ठ की अध्यक्षा महंत सर्वेश्वरी गिरि द्वारा श्री गोविंदानंद आश्रम पेहवा (कुरुक्षेत्र) में प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2024 से लागू किए तीन नए अपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम,भारतीय साक्ष्य अधिनियम ) पर गांव दर गांव जाकर स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों व शहर के विभिन्न वार्डों में आम जनता को जागरुक करने पर प्रदान किया गया।सहायक जिला न्यायवादी ने शहर हांसी व विभिन्न गांवों के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों तथा गांवों की पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया। जिससे लोगों को नए कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इसके साथ-साथ ही उन्होंने हांसी बार एसोसिएशन में एनसीआरबी संकलन ऑफ न्यू क्रिमिनल लॉज का जो ऐप है उसके बेनिफिट के बारे में भी जागरूक किया। जिसमें हांसी की बार एसोसिएशन में 650 में से 580 वकीलों ने इस ऐप को डाउनलोड भी किया। यह सब सुश्री नीलम की कड़ी मेहनत से ही संभव हो पाया है। इन्हें प्रशस्ति पत्र प्राप्त होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा संत समाज के सम्मानित जनों ने इन्हें बधाई प्रेषित की है।

### एनसीबी हरियाणा का एक चैलेंज- नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र**: हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के बकेट चैलेंज के साथ वात्सल्य वाटिका ने जुड़कर युवाओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। वात्सल्य वाटिका के संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि ट इस अभियान से तन और मन से जुड़ चुके हैं। वात्सल्य वाटिका से सैकड़ों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को सार्थक कर चुके हैं। उन्होंने वहां पर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को जोड़कर एक नया अध्याय आरम्भ किया है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वामी हरीओम दास परिव्राजक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज युवाओं को शिक्षा के साथ साथ नैतिक मूल्यों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है।

# भाजपा प्रत्याशी तरुण गांधी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## प्रत्याशी तरुण गांधी के कार्यालय का उद्घाटन माडल टाउन बोसा राम चौक पर पूरी विधि विधान से हुआ

**प्रचार की तैयारी**

**▶▶ भाजपा सरकार ने हमेशा राष्ट्रवाद विकास व जन कल्याण को उच्च प्रार्थमिकता दी है : संजय भाटिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**नगर** निगम चुनाव की सरगर्मियां जोरों पर है जहां अन्य विपक्षी पार्टियों अपने उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं कर पाई वहीं भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों ने जनसभाओं के साथ-साथ घर-घर जनसंपर्क भी शुरू कर दिया है।इन सभी उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में वार्ड 20 के भाजपा प्रत्याशी तरुण गांधी के कार्यालय का उद्घाटन माडल टाउन बोसा राम चौक पर पूरी विधि विधान तथा धूम धाम से किया गया वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद संजय भाटिया और नगर निगम चुनाव संयोजक एवं विधायक प्रमोद विज ,जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट तथा भाजपा मेयर पद प्रत्याशी कोमल सैनी ने संयुक्त रूप इस चुनावी कार्यालय उदघाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम से हुआ।
समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कहा कि भाजपा विश्व की एक विशाल राजनीतिक पार्टी है।जिसमें कार्यकताओं का सबसे अधिक सम्मान होता है और इन दिनों पानीपत ही नहीं पूरे हरियाणा में भाजपा की लहर चल रही है।फिर भी सभी कार्यकताओं को इन चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा राष्ट्रवाद विकास व जन कल्याण को उच्च प्रार्थमिकता दी है । सरकार हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
इसीलिए सभी कार्यकताओं को दिन रात की परवाह किए बैगर ,बूथ अध्यक्ष को साथ लेकर मतदाताओं से संपर्क साधना चाहिए।शहरी विधायक प्रमोद विज कहा कि भाजपा सरकार ने गत 10 वर्षों के दौरान पानीपत में भी रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और भविष्य में भी विकास के मामले में पानीपत को प्रथम स्थान पर लाने के सभी प्रयास किए जाएंगे भाजपा पार्षद पद प्रत्याशी तरुण गांधी ने कहा कि मतदान का समय नजदीक आ गया है इसी के मद्देनजर सभी शक्ति केंद्र प्रमुख अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनता को जागरूक करें और भाजपा को जीत दिलवाने की अपील भी करें। वही युवा कल्याण को भी अपना मुख्य एजेंडा बनाया है।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पदभार ग्रहण करते ही हरियाणा के लगभग 25,000 युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के उनकी प्रतिभा के अनुसार सरकारी रोजगार दिया है।

# डीसी ने पोलिंग पार्टियों की रैण्डामाईजेशन की




**प्रक्रिया**

**▶▶ रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम मशीनों बूथ वाईज व पोलिंग पार्टियों की रैण्डामाईजेशन की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय के सभागार में द्वितीय रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम मशीनों बूथ वाईज व पोलिंग पार्टियों की रैण्डामाईजेशन की गई। इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक डा. सरिता मलिक, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार व नगर निकाय चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई गई। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार जिले में नगर निकाय चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से करवाना हमारा दायित्व है। इसी को लेकर आज यहां चुनाव सामान्य ऑब्र्जवर व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम मशीनों को बूथ वाईज अलाट करने व सम्बन्धित आर.ओ. को पोलिंग पार्टियां आबंटित करने की रैण्डामाईजेशन की गई है। उन्होंने बताया कि 02 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा और मतगणना के उपरान्त परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# साइबर ठगों ने बिना ओटीपी महिला के क्रेडिट कार्ड से हजारों निकाले

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद**। साइबर ठगों ने गांव बड़ोपल की एक महिला के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी से हजारों रुपये की राशि हड़प ली। महिला के पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही कोई मैसेज, ठगों ने उसे हजारों की चपत लगा दी। महिला को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में रविवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बड़ोपल निवासी माया देवी ने कहा है कि उसके पास एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है। गत दिवस उसके बैंक अकाऊंट से 41 हजार 86 रुपये निकाले गए हैं। महिला ने कहा कि इस बारे उसे न तो कोई सूचना थी और न ही उसने कोई ओटीपी किसी के साथ शेयर किया था। इसके बावजूद अज्ञात चोरों ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए उसके क्रेडिट कार्ड से यह राशि हड़प ली है। इस पर जब उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें खेलों में भाग लेना चाहिए-डीसी

**चैम्पियनशिप**

**▶▶ बैडमिंटन स्पोर्टस कॉम्पलैक्स में आयोजित स्टेट मास्टर्स/वैटर्नस बैडमिंटन चैम्पियनशिप का उदघाटन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने लेट मुकेश आनंद मैमोरियल बैडमिंटन स्पोर्टस कॉम्पलैक्स में आयोजित हरियाणा स्टेट मास्टर्स/वैटर्नस बैडमिंटन चैम्पियनशिप का उदघाटन किया। उन्होंने इस मौके पर बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर बैडमिंटन एसोएिशन के पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय सिंह तोमर व वशिष्ठ अतिथि ललित जैन को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैडमिंटन एसोएिशन द्वारा यहां पर आयोजित चार दिवसीय चैम्पियनशिप के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों का जीवन में अहम महत्व होता है। शरीर को स्वस्थ एवं मजबूत रखने के लिए हमें खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेल जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए जीवन में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम वृद्धावस्था में आते है, उस समय मे भी हमें क्षमता अनुसार खेल जैसी गतिविधि में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात का प्रमाण यहां पर 18 जिलों के विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लेना है जिसमें 35 वर्ष आयु वर्ग से लेकर 70 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हैं। उन्होंने बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने इस मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों से भी बातचीत की और उन्हें आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने स्वयं बैडमिंटन खेलते हुए प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया और वहां पर उपस्थित सभी को खेल जैसी गतिविधियों में आगे आने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पहुंचे ललित जैन ने भी खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

# दिल्ली के भाग्य की रेखा बदल देंगी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ताः अनिल

**खुशहाली**

**▶▶ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बनने से दिल्ली के भाग्य की रेखा खुशहाली की नई गाथा लिखेंगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बनने से दिल्ली के भाग्य की रेखा खुशहाली की नई गाथा लिखेगी। विभिन्न राजनीतिक मंचों, जिनमें मुख्यतः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई,भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय पदाधिकारी और नगर पार्षद से मिले अनुभव को, वो दिल्ली के उत्थान और दिल्लीवासियों के कल्याण के लिए प्रयोग करेंगी और दिल्ली के लोगों को पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान मिले दुख को सुख में बदलने का काम करेंगी।उक्त कथन भाजपा नेता और भारतीय जनता पार्टी के कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।अनिल वर्मा ने कहा कि दिल्ली के साथ-साथ यह हरियाणावासियों के लिए भी गर्व की बात है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलाना गांव में 19 जुलाई 1974 को हुआ था और उनका विवाह भी जींद जिले के बौद्ध गांव में हुआ था।इस तरह से उनका हरियाणा से भी रक्त - संबंध है जिस कारण आज प्रत्येक हरियाणवी उनसे आत्मीय संबंध महसूस कर रहा है।अनिल वर्मा ने कहा कि रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री और चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।इससे पूर्व भाजपा की ही सुषमा स्वराज,कांग्रेस की शीला दीक्षित और आप की आतिशी महिला मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।अनिल वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार दिल्लीवासियों से किए गए एक- एक वायदे को पूरा करने के साथ ही दिल्ली के विकास को भी नई दिशा और गति देगी।

# हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन यूनिट जिला कुरुक्षेत्र की मासिक मीटिंग सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**आज** सेवानिवृत बिजली कर्मचारियों की मीटिंग सुबह 10:30 बजे पंजाबी धर्मशाला मे हुई । मीटिंग की अध्यक्षता जिला उप प्रधान माम राज लाडवा ने की । मंच का संचालन जिला सचिव रामेश्वर ने किया । मीटिंग में अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और रोष प्रकट किया । जिला सचिव रामेश्वर ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार पेंशनर्स की मुख्य उचित मांगों की अनदेखी कर रही है। समय रहते सरकार सभी मांगों को लागू करें मुख्य मांगे इस प्रकार हैं रु 65 , 70 , 75 वर्ष की उम्र में क्रमशः 5 , 10 ,15 प्रतिशत पेंशन मे बढ़ोतरी , फैमिली पेंशनर्स को एल टी सी की सुविधा प्रदान की जाए , मेडिकल भत्ता को एक हजार से 3000 प्रति माह किया जाए , 300 सौ यूनिट बिजली फ्री किया जाये , हरियाणा सरकार आठवां वेतन आयोग गठित करें। 18 महीने का डी. ए. का एरियर का भुगतान करें। क्योंकि अब कारोना का कोई बहाना नहीं है।

# ट्रांसमिशन परियोजना से लाखों के तार चोरी

**सोनीपत**। सोनीपत में चोरों ने शनिवार की रात को कई टावरों से लगभग 1500 मीटर लंबे बिजली के तार चोरी कर लिए। चोरी किए गए तार की कीमत लगभग 4.75 लाख रुपए है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कुंडली थाना पुलिस को दी शिकायत में ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कर्मी दीपक चंद्र ने बताया कि बिंदरौली गांव में कंपनी की ओर से कार्यस्थल पर पहुंचने पर तार गायब मिला। इस सेक्शन में पांच टावर लगाए गए हैं। दूरी 396 मीटर है। एक फेज में 396 मीटर के छह तार लगते हैं। चोरों ने लगभग 1500 मीटर तार चोरी किया है। कंपनी प्रतिनिधि ने पुलिस चौकी बारोटा में शिकायत दर्ज कराई।

# दिव्यांगों की सेवा भगवान की सेवाः प्रवीन जैन

**भावना**

**▶▶ प्रवीण जैन ने बताया 6 जरूरत मंद दिव्यांग बच्चो की व्हील चेयर की डिमांड आई थी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**समाज** सेवा संगठन की ओर से संगठन कार्यालय अग्रवाल मण्डी पर 6 दिव्यांग जनों को व्हील चेयर व हाथ रिक्शा वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया 6 जरूरत मंद दिव्यांग बच्चो की व्हील चेयर की डिमांड आई थी। जाकर देखा आकाश भावना चौक तेजवीर गांव शिमला मौलाना, राजेश गढ़ी सिकन्दर पुर ,आशा इसराना ,दीपांशु भावना चौक ,काशी चौधरी हरि नगर ,जाकर देखा इनकी जरूरत को देखते हुए अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 1 व्हील चेयर 5 हाथ रिक्शा वितरण की इनके घर वालों ने कहा हमने पहले कई बार सरकारी हॉस्पिटल व रेडक्रॉस में लिखकर दिया लेकिन आज तक व्हील चेयर व हाथ रिक्शा नही दी उनकी जरूरत को देखते हुए आज अग्रवाल मण्डी कार्यालय पर ही 1व्हील चेयर 5 हाथ रिक्शा भेट की जिससे वो बच्चो को गली घूमा फिरा सके क्योंकि बच्चो को बार उठाना बहुत मुस्किल होता है । व्हील चेयर से इन बच्चो को कुछ राहत मिल पाएगी और हाथ रिक्शा से कही भी आ जा सकते है। जरूरत तो हम किसी की पूरा नहीं कर सकते इतनी कोशिश रहती है सभी के सहयोग से हम जरूरत मंद का सहयोग कर सके जैन ने कहा बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है। जरूरत मंद दिव्यांगो की सेवा भगवान की सेवा के बराबर होता है देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर चल रहा है संगठन जिस किसी साथी के नॉलेज में कोई

# गंगा राम स्वामी सैंकड़ों कार्यकर्ताओ सहित हुए भाजपा में शामिल

**कमल के साथ**

**▶▶ प्रतिदिन विपक्षी पार्टियों के नेता अपनी पार्टियों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
आज कल पानीपत में राजनैतिक सरगर्मियां जोरो पर है और प्रतिदिन विपक्षी पार्टियों के नेता अपनी पार्टियों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है इसी कड़ी में रविवार को भी भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर 6 के परिसर में कांग्रेस और जे जे पी पार्टी के 2 दर्जन से अधिक पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। जे जे पी से समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ चुके गंगा राम स्वामी के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इससे पूर्व कांग्रेस ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश महासचिव मनोज जोगी के नेतृत्व में भी दर्जन भर नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पार्टी में आए इन सभी नेताओं को भाजपा का पटका पहनाकर सम्मानित किया और सभी नेताओं को विश्वास दिलाया कि भाजपा में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंश भारद्वाज, सुनील कंसल, सुनीता गोयल, सुरेन्द्र जलमाना, रामेश्वर गुर्जर, सचिन सिंगला, राम कुमार सैनी, सुधीर बडौली,प्रमोद कुराड़िया, विनीत कुंडू, नवीन सक्सेना, मंजीत मढ़ान भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।
सदस्यता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आज देश प्रदेश भाजपा की लहर चल रही है अब जनता ट्रिपल इंजन की सरकार कर महत्व को समझने लगी है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली प्रदेश में भारी बहुमत के साथ हरियाणा की बेटी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार का गठन होना है। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि कांग्रेस, जे जे पी, आम आदमी पार्टी जैसी पार्टियों के पास न ही कोई रीति, न ही कोई नीति और न ही कोई मजबूत संगठन है। इन पार्टियों में जातिवाद और परिवारवाद का बोलबाला रहा है जबकि भाजपा के पास एक मजबूत राजनीतिक संगठन है एक मजबूत कूट नीति है और पार्टी विकास के साथ साथ अंतोदय और राष्ट्रवाद को उच्च प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रहित में नीतियां लागू करती है उन्होंने कहा कि नगर निगम पानीपत का चुनाव आगामी 9 मार्च को होगा। इसके लिए जिला भाजपा संगठन की ओर से इन चुनाव के लिए सभी कमेटियों का गठन कर दिया गया है।
इसी प्रकार सभी 26 वार्डो के पार्षद उम्मीदवार भी अपने क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों को साथ लेकर घर घर जाकर पार्टी का प्रचार कर रहे है।

# प्रोजेक्ट अमृत का तृतीय चरण प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारकः बाबा हरदेव सिंह जी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**निरंकारी** मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के तृतीय चरण के तहत बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए पानीपत ब्रांच में पूर्व की भांति 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' संदेश के साथ सफाई अभियान आयोजित गया। लगभग तीन हजार समर्पित स्वयंसेवकों ने पानीपत में जाटल रोड़ नहर व आस-पास स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर भाजपा मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी भी पहुंची। निरंकारी मिशन पानीपत के संयोजक अरविंद डावर ने बताया कि यह अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है जो समाज को जागरूकता सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर पानीपत के संयोजक अरविंद डाबर के अलावा लगभग 3 हजार सेवादार मौजूद थे।

# विधायक भडाना ने बूस्टिंग पम्प व सीवरेज सफाई की दो मशीनों की दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: विधायक मनमोहन** भड़ाना ने शनिवार को शहर वासियो को लाखो रूपए के विकास कार्यो की सौगात देते हुए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भूमिगत बूस्टिंग पम्प के निर्माण कार्य का नारियल फोड कर शुभारंभ किया। इसके साथ ही विधायक भड़ाना ने नगर पालिका व जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर मे डाले गए सीवरेज सिस्टम की सफाई के लिए 20 लाख लागत की जैट किंग मशीन के साथ साथ छह माह के लिए सवा करोड रुपए किराए पर लाई गई सुपर सोकर मशीन को हरी झंडी दी। इस



मौके पर विधायक मनमोहन भड़ाना ने बताया कि पिछले 15 सालो से समालखा मे सीवरेज की सफाई नही हुई है। जिससे शहर मे जगह जगह जल भराव होने से लोगो को भारी परेशानी होती थी शहर वासियो की समस्या को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज सफाई के लिए सवा करोड रुपए 6 माह के लिए किराए पर मंगवाई गई है जो सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करेगी और 20 लाख कीमत की जैट किंग मशीन नगर पालिका द्वारा खरीदी गई है। जैट किंग मशीन सीवर के अंदर के मल को खींचकर बाहर निकालेगी जिससे आने वाले बरसाती मौसम मे समालखा वासियो को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। भड़ाना ने कहा कि 40 लाख की लागत से भूमिगत टैक का निर्माण किया जाएगा। 20 लाख लिटर पानी की क्षमता वाले टैक के उपर 12 इंच मोटा सलैब डालकर पार्किंग बन सकेगी। इस बूस्टर पम्प के बनने से शहर को पेयजल की समस्या का समाधान होगा। इससे शहर वासियो को कही भी टूलू पम्प लगाने की जरूरत नही पडेगी। इससे पहले नगर पालिका के पार्षदो व शहर के गणमान्य लोगो ने शहर को दी गई सौगात के लिए विधायक मनमोहन भड़ाना का फूल मालाओ से स्वागत किया।इस अवसर पर समालखा के एमडीएम अमित कुमार,पालिका सचिव मनीष शर्मा,जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मोहित शर्मा,पालिका जेई गौरव कुमार,भाजपा शहरी मंडल अध्यक्षा रेखा गोयल,भाजपा एससी मोर्चा के शहरी अध्यक्ष साहब सिंह रंगा,जगतार सिंह बिल्ला,पार्षद संजय गोयल,मनीष बेनीवाल,अनिल रमन,कप्तान छौक्कर,विनोद वाल्मीकि,राजेश ठाकुर,रेनू धीमान,पार्षद प्रतिनिधि विपीन छाबडा,सतपाल शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# पानीपत में नेशनल पावरलिफ्टर यष्टीका आचार्य की शोक सभा का आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) भारत के दिग्गज** पावरलिफ्टर करन गुरु जो कि एक इंटरनेशनल एथलीट है उनके द्वारा शुक्रवार दोपहर पानीपत के अंसल सुशांत सिटी में नेशनल पावरलिफ्टर रही यष्टीका आचार्य की शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2 मिनट का मोन धारण करके यष्टीका आचार्य को श्रद्धांजलि दी गई। यष्टीका आचार्य केवल 18 वर्षीय एथलीट थी जो कि मूल रूप से बीकानेर राजस्थान की रहने वाली थी ओर 2 बार नेशनल अवार्ड से सम्मानित की जा चुकी थी लेकिन जिम में अपनी ट्रेनिंग करते वक्त 280 किलोग्राम बैठक करने के दौरान डिसबैलेंस होने से उनकी गर्दन की हड्डी टूट गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ऐसे में




दिग्गज पावरलिफ्टर करन गुरुजी का सभी एथलीट्स को ये संदेश दिया गया कि जिम में अभ्यास करते वक्त अपने कोच के निदेर्शों का पालन करें और ज्यादा भार उठाते समय 2 से 3 सहायक को अपने साथ जरूर रखें जिससे कि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और साथ के साथ जिम ट्रेनर्स को भी निर्देश दिया । कि वे सभी अभ्यास कराते समय खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दे जिससे ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। इस शोक सभा में कारण गुरु के साथ राजेश मान , अशोक मान , वीरेंद्र रावल आदि शामिल दे ओर सभी ने शोक वयक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### केयू के जनसंचार संस्थान में वर्ल्ड प्रिंटिंग डे पर कार्यक्रम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** कुरुक्षेत्र के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में आज ह्यवर्ल्ड प्रिंटिग डेह्य मनाया जायेगा। यह जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अभिनव ने दी। डॉ. अभिनव ने बताया कि यह कार्यक्रम जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान और हिमाचल प्रदेश प्रिंट एंड पैक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में होगा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रिंट एंड पैक एसोसिएशन के प्रधान अजय भारद्वाज, नेंशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (नार्थ जॉन) के प्रधान डॉ. रनेश राणा, प्रिंट एंड पैकेजिंग के सलाहकार सुरेंद्र कुमार, ऑपरेशन एंड लीगल, आईपीएएमए से प्रंशात वत्स भाग लेंगे। डॉ. अभिनव ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजक कंवरदीप, सहसंयोजक राहुल अरोड़ा और सहयोगी सचिन वर्मा होंगे। उन्होने बताया कि ह्यवर्ल्ड प्रिंटिग डे, प्रिंटिंग के महान आविष्कार जर्मनी के योहानेस गुटेनबर्ग के जन्मदिन के दिन पूरे विश्व में प्रिंटिग से जुड़ी सभी कंपनियां, एसोसिएशन उनको प्रिंटिग क्षेत्र में उनकी महान उपलब्धियों हेतु याद किया जाता है और प्रिंट उद्योग में हो रहे नए-नए आविष्कारों के बारे विस्तृत चर्चा होती है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय का जनसंचार संस्थान प्रिंट एवं पैकेजिंग में बी.एससी और एम.एस.सी की डिग्री पिछले एक दशक से भी ज्यादा संचालित कर रहा है जिनसे उत्तीर्ण हुए विद्यार्थीगण प्रिंटिग क्षेत्र से जुड़कर अपना भविष्य बना चुके हैं और देश की उन्नति में अपना योगदान दे रहे हैं।

### 234 ग्राम अफीम व मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती शाम जिला** पुलिस की एन्टी नारकोटिक सेल टीम के इंचार्ज उप निरक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर कस्बा निसिंग के क्षेत्र में नाकाबंदी करके आरोपी राहुल पुत्र राजिन्द्र निवासी गांव निसिंग को गिरफतार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से मौके पर 234 ग्राम अफीम व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। एन्टी नारकोटिक सेल टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महिला सहित दो नशा तस्कर 1 किलो 48 ग्राम गांजा नशीला पदार्थ समेत गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाएं अभियान के तहत थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर कृष्णा गार्डन कॉलोनी में एक घर से महिला सहित दो नशा तस्करों को 1 किलो 48 ग्राम गांजा नशीला पदार्थ समेत गिरफ्तार किया है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में तैनात सब इंस्पेक्टर महेंद्र के नेतृत्व में थाना चांदनी बाग पुलिस की एक टीम जिसमें एएसआई विकास, एएसआई राजेंद्र, महिला एएसआई पूनम व महिला मुख्य सिपाही किरण शनिवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान कृष्णा गार्डन कॉलोनी में मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि कृष्णा गार्डन कॉलोनी निवासी महिला सुमित्रा मुखीजा कॉलोनी निवासी सुनील के साथ मिलकर अपने मकान में नशीला पदार्थ बेच रही है। पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में उक्त मामला लाकर मौके पर दबिश दी तो घर के अंदर कमरे में बैड पर एक महिला व पुरुष बैठे मिले। पुलिस टीम ने दोनों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान सुमित्रा निवासी कृष्णा गार्डन कॉलोनी व सुनील निवासी मुखिजा कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ संजीव कुमार की मौजूदगी में तलाशी ली तो घर में बेड पर रखे पॉलिथीन से गांजा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। बरामद गांज का वजन करने पर 1 किलो 48 ग्राम पाया गया। प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि बरामद गांजा को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस के एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने मिलकर बताया।

# दयानन्द सरस्वती ने स्वराज्य जैसे शब्दों का प्रयोग किया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :प्राचीन वैदिक काल से** ही मनुष्य मात्र का एक ही धर्म था और एक ही धर्मग्रन्थ था वेद। उसी की शिक्षाओं के अनुरूप जीवनयापन होता था। तब विश्व एक परिवार था और भारत विश्वगुरु माना जाता था। यहीं से सर्वत्र ज्ञान विज्ञान फैला था। समय बदला। वेदों की गलत व्याख्याएँ की जाने लगीं। वेद में जो था नहीं, स्वार्थवश भाष्यकारों को वह दिखने लगा। धीरे-धीरे वेदों की शिक्षाओं का लोप हो गया। विभिन्न मनुष्यों ने अपने-अपने ग्रन्थ रच डाले। अनेक मतमतान्तर प्रचलित हो गए। परिणाम निकला मानसिक




अशान्ति, परस्पर द्वेष, संघर्ष और रक्तपात।समय ने सुखद करवट ली और महर्षि दयानन्द सदृश ऋषि ने वेदों का पुनरुद्धार कर एक नए युग का सूत्रपात किया । महर्षि दयानन्द ने वेदों को सब सत्यविद्याओं का पुस्तक घोषित कर पुनः वेद की ओर लौटने का निर्देश किया। अपने जीवन के अन्तिम दशक में वेद विषय में उन्होंने जो कार्य किया, वह स्वर्णाक्षरों में लिखने योग्य है। यह विचार महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती के उलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ।
डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने महर्षि दयानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा पुरूष नारी समानता के पक्षधर महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने स्त्री और पुरुष समानता के नियम की व्याख्या की। उन्होंने कहा ईश्वर के समीप स्त्री पुरुष दोनों बराबर है क्योंकि वह न्यायकारी है। उसमें पक्षपात का लेश नहीं है। जब पुरुष को पुनर्विवाह की आज्ञा दी जाए तो स्त्रियों को दूसरे विवाह से क्यों रोका जाये। सामाजिक समानता के समर्थक स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान समाज सुधारक थे।

# वाहन चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीआईए वन** शाखा ने वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छह चोरी की बाइक और एक ई-रिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस अब आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि अन्य वारदातों की गुत्थी भी सुलझाई जा सके। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि इन आरोपियों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। अब तक सात बाइक चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं, जिनमें से छह वाहन पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। रिमांड पर पूछताछ के दौरान पुलिस को उम्मीद है कि बाकी चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली जाएंगी। सीआईए वन के ऑटो थेफ्ट इंचार्ज रोहताश ने बताया कि आरोपियों में से दो एक-दूसरे के दोस्त हैं। घीड़ गांव का अंकित बाइक चुराता था और गंगोह यूपी के सौरभ उर्फ समीर को बेच देता था। दोनों को सेक्टर-4 के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इन दोनों ने चार चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। पूछताछ के दौरान अंकित और सौरभ ने अपने अन्य दो साथियों का नाम भी उजागर किया।

# आजाद प्रत्याशी ने भाजपा को दिया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में निकाय** चुनाव में दल बदल का खेल जारी है। करनाल में वार्ड नंबर-5 से इंडिपेंडेंट कैंडिडेट सचिन पांचाल ने भाजपा का दामन थाम लिया है। वार्ड-5 के बीजेपी प्रत्याशी सुभाष कंबोज को अपना समर्थन दे दिया है। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सचिन को पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। बता दें कि सचिन इसी वार्ड से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड ?ा चाहते थे, लेकिन भाजपा ने उनको टिकट नहीं दिया था, जिसके बाद वह आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतर गए थे। सचिन पांचाल ने भाजपा को अपनी मां बताया और कहा कि वे पहले भी भाजपा से जुड़े हुए थे और निर्दलीय तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया था। वह वार्ड का विकास करना चाहते हैं, लेकिन यह पार्टी के साथ जुडकर ही संभव हो सकता है।
उन्होंने कहा कि भाजपा मेरी मां है और मैं अपनी मां से गद्दारी नहीं कर सकता। इसलिए मैं भाजपा में ज्वाइन कर रहा हूं। सचिन पांचाल किसी लालच की वजह से तो भाजपा में शामिल नहीं हुए, इस सवाल पर पांचाल ने कहा कि वे 2014 से भाजपा से जुड़े हुए हैं और किसी तरह का लालच या फिर दबाव नहीं है।

# शहर के विकास के लिए करें भाजपा के पक्ष में मतदान: रेनू बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल नगर** निगम भाजपा मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने अपने चुनावी जनसम्पर्क अभियान के दौरान कृष्ण कृपा धाम, बाल्मीकि बस्ती, बलडी, अल्फा सिटी और सैक्टर 4में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान मेयर प्रत्याशी रेनू बाला ने सभी समर्थकों के साथ कृष्ण कृपा धाम में भगवान श्री कृष्ण के सामने नतमस्तक होकर उनसे विजयश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कैलाश गांव में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित



जनसमूह को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जैसे पिछले दस वर्षों में निगम की सरकार ने विकास कार्य किए हैं,
उससे भी ज्यादा तेज गति में नगर में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में सडकों की कनेक्टिविटी बढ़ाते हुए फोर लाइन सडकों को बनाने से आज कैलाश गांव बिल्कुल शहर के नजदीक हो गया है।

# चोरों ने दिन-दहाड़े घर को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा** में चोरों ने दिनदहाड़े एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर में घुसकर 5 लाख रुपए की नकदी चोरी कर ली। परिवार दुकान पर गया हुआ था। जब वे वापस लौटे तो घर में सामान बिखरा हुआ मिला। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता रितु मूल रूप से कैमला गांव की रहने वाली है और फिलहाल घरौंडा के वार्ड नंबर 14 में रह रही है। शिकायत में उसने बताया है कि वह रोजाना की तरह अपनी किराना दुकान पर गई थी।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नेहरू युवा केंद्र** करनाल की ओर से रविवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर्ण स्टेडियम में किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन आज महिला वर्ग में खो-खो, चार सौ मीटर दौड़ तथा लंबी कूद का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में 400 मीटर तथा लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया



जाएगा। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि प्रथम दिवस पर आयोजित खेलों में खो-खो में असंध की टीम प्रथम स्थान तथा बस्तली की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में आयोजित 400 मीटर तथा लंबी कूद में रितु मान ने प्रथम तथा रितिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में आयोजित 400 मीटर दौड़ में अनुज मलिक में प्रथम तथा हरमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में प्रथम स्थान काका ने व द्वितीय स्थान राजन ने प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी एकल प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को मेडल व टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। टीम प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को ट्रॉफी व टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भी करनाल जिले के प्रतिनिधित्व का मौका मिल सकता है। सभी विजेताओं को जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, कोच कृष्ण पाल, कोच भूपेंद्र व कोच बलजिंदर, कार्यक्रम सहायक पंकज गौड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में युवा स्वयंसेवियों आशीष, सागर, राहुल, दिव्या, रंजना, रवीना आदि का भी सहयोग रहा।

# चार साल पुराने मुकदमे की अब याद आई : मनोज वधवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में कांग्रेस** से मेयर पद के प्रत्याशी मनोज वधवा ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चार साल पुराने मुकदमे की याद भाजपा को अब क्यों आई? उन्होंने विकास कंबोज की गिरफ्तारी को राजनीतिक चाल बताते हुए कहा कि यह भाजपा की बौखलाहट को दिखाता है। हालांकि गिरफ्तारी के बाद कंबोज को जमानत मिल गई, जिससे साफ है कि यह केवल एक राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश थी। मनोज वधवा का कहना है कि करनाल की जनता सब समझती है और 12 तारीख को चुनाव परिणाम भाजपा के लिए अफसोसजनक साबित होंगे। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने तो गाय के नाम पर भी घोटाला करने से परहेज नहीं किया। चारे से लेकर गोबर तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने जनता से अपील की कि इस बार वोट देते समय सोच-समझकर फैसला लें, ताकि करनाल को सही मायनों में विकास की दिशा मिल सके। मनोज वधवा ने भाजपा पर करनाल में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों में वह लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

# बसंतोत्सव है रंगों का त्यौहार : यश जालुका

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आज अटल पार्क में 21वें बसंतोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने रिबन काटकर व गुब्बारे हवा में छोडकर की। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बसंतोत्सव रंगों का त्यौहार है। यह बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस उत्सव के नाम भी अलग-अलग होते हैं। यह उत्सव प्रकृति प्रेमी को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके रंग पूरी धरती को रंग बिरंगा कर देते हैं। मनुष्य ही नहीं पक्षी भी धरती के इस सौन्दर्य का आनंद लेते हैं। उन्होंने



कहा कि उत्सव के धार्मिक पहलू भी हैं, जिनके अनुसार देश के अलग-अलग राज्य में मां सरस्वती की आराधना करते हुए इस उत्सव को ज्ञान व विद्या से भी जोड़ा गया है। उन्होंने लोगों से प्रकृति से प्रेम करने और अधिकाधिक पौधे लगाकर धरती का सौन्दर्य बनाए रखने की अपील की।

**मुख्य आकर्षण**

इस मौके पर अटल पार्क को फूलों से सज्जा देखकर हर कोई आकर्षित हो रहा था। चारों ओर फूलों की महक थी, रंग-बिरंगे फूल पार्क के सौन्दर्य को बढ़ा रहे थे। इस उत्सव में फूलों के रंगों के साथ-साथ कला और संस्कृति के रंग भी भरे गए। बच्चों ने पेंटिग, रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। नगाड़ा व बीन पार्टी, कच्ची घोड़ी, राजस्थानी नृत्य तथा गतका ने भी संस्कृति से जुड ? का संदेश दिया। बहरूपिए के तौर पर उत्सव में शामिल लंगूर बंदर, मोटू-पतलू, जिन्न और रावण बच्चों के लिये आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चे इनके साथ सैल्फी लेने के लिए उत्सुक थे। बठिंडा की बाजीगर पार्टी ने हैरतंगेज करतब दिखाए।

**शमिन्द्र शम्मी ने बांधा समां**

बसंतोत्सव के मौके पर पंजाबी कलाकार शमिन्द्र शम्मी ने शानदार गायकी की प्रस्तुति देकर इस उत्सव में चार-चांद लगाए। मुख्यातिथि सहित सभी ने उनकी प्रस्तुति पर तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जिम्नास्टिक वर्ल्ड आकादमी के बच्चों ने देश-भक्ति पर आधारित हैरतअंगेज प्रस्तुति दी।

**फ्लावर शो का उद्घाटन**

अतिरिक्त उपायुक्त यश जालूका ने फ्लावर शो का उद्घाटन के बाद फूलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें पेटूनिया, डाहलिया, मैरी गोल्ड, शाल्विया, डॉक फ्लावर, कैमिलिया, बैली फ्लावर, गैरानियम, सन फ्लावर सहित फूलों की अनेक खूबसूरत किस्में प्रदर्शित की गईं। इसके साथ-साथ सजावट वाले पौधों में फिकस, बोटल ब्रश, क्रोटोन, डबल चांदनी, स्नेक प्लांट, मोगरा सहित अन्य पौधे उत्सव का आकर्षण बने।

# विधायक योगेन्द्र राणा के प्रयासों से असंध हुआ भाजपा मय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा जिलाध्यक्ष** एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा एवं करनाल विधायक जगमोहन आनंद के प्रयासों से जिस प्रकार करनाल कांग्रेस मुक्त हो गया है, उसी प्रकार असंध हलका भी विधायक योगेन्द्र राणा की अगुवाई में कांग्रेस मुक्त होता जा रहा है। आज भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों में विश्वास जताते हुए विधायक योगेन्द्र राणा की अगुवाई में रेशम सिंह, प्रदीप सिंह बावा, त्रिलोक सिंह सरपंच, मालक सिंह, गुरसेवक सिंह निशोरिया, मेजर सिंह खैरा, तेजबीर सिंह



चिमा, जसवंत सिंह निशोरिया, काला सिंह, सुक्खा सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाजपा ज्वाइन की। विधायक योगेन्द्र राणा ने भाजपा में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की बदौलत आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा ही है, जिसमें आखिरी छोर पर खड़े हुए व्यक्ति का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने पर आपको उचित मान सम्मान दिया जाएगा।

# तीन दिवसीय विधानसभा सत्र में विकास प्रोजेक्टों पर होगी चर्चा: रेखा गुप्ता

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सोमवार 24 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के बारे में जानकारी दी और कहा कि विकसित दिल्ली के लिए संकल्पित भाजपा विधानसभा सत्र के माध्यम से अब दिल्ली में विकास की नई नींव रखने जा रही है।
प्रेसवार्ता में मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और मीडिया सह प्रभारी विक्रम मित्तल उपस्थित थे।



वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हमारी सरकार का एक ही एजेंडा है दिल्ली को विकसित राजधानी बनाना है। विधानसभा का सत्र के दौरान विधायकों की शपथ, उपराज्यपाल का अभिभाषण और अन्य सरकारी कार्यक्रम होंगे लेकिन दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करके भाजपा सरकार पहले ही दिल्लीवालों को बड़ी सौगात दे चुकी है। सचदेवा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को धन्यवाद दिया और कहा कि जनता की अपेक्षा पर खरे उतरना मेरी जिम्मेदारी है और साथ ही दिल्ली को लूटने और ठगने वाली आम आदमी पार्टी जिस झूठ को प्रसारित प्रचारित कर भाजपा को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, उसका हमारे विधायक अपने कामों के जरीए जवाब देंगे। आज हुई विधायकों की मीटिंग में सभी विधायकों ने एक साथ निश्चय किया है कि कैसे वे अपने क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे और किस प्रकार से लोगों के दुख दर्द को बांटेंगे। दिल्ली के जो-जो काम अधूरे पड़े हैं, वे सभी पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है।

# बुराड़ी को पिछले दस सालों में समस्याओं के अलावा कुछ नहीं मिला: दीपक गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के लोग पिछले दस सालों से तमाम तरह की परेशानियों से त्रस्त हो चुके है, जिसके चलते क्षेत्र के लोग पूर्व की आप सरकार व वर्तमान क्षेत्रीय विधायक को गंदा पानी पीकर कोस रहे है। उक्त बातें जदयू के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कही।
बुराडी विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ब समाज सेवी व जदयू के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि पूर्व की केजरीवाल सरकार ने अपने शासनकाल के पूरे 11 साल बस इस जुगत में निकाल दिए की किस प्रकार से सरकारी खजाना खाली करके




उसका दुप्रयोग किया जाए। गुप्ता ने कहा कि आप के मंत्री विधायक व आप के सभी नेताओं से पूरी तरह से तंग आ चुकी थी, जिसके परिणाम स्वरूप इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली से आम आदमी पार्टी का सफाया करके दिल्ली की जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। इसके साथ ही जदयू के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि इस बार भी बुराडी के लोगों ने आप विधायक संजीव झा पर पुनः विश्वास जताते हुए उन्हे अपना विधायक चुना है। मैं आशा करता हूं कि इस बार विधायक संजीव झा बुराडी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के विश्वास को नहीं तोडेंगे। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि वैसे तो विधायक संजीव झा से किसी भी तरह के विश्वास व विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती है, क्योंकि अपने पिछले कार्यकाल से लेकर अभी तक संजीव झा ने क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड करने के अलावा कुछ नहीं किया है।



रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए भाजपा नेता प्रदीप गोयल।

# अजयवीर यादव ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारत सरकार** के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव की भेंट हुई। इस अवसर पर इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लॉई फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. मिश्रा, महासचिव अतुल मिश्रा, उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश, विधि सलाहकार ऋषभ, तथा अध्यापक शक्ति मंच के उपाध्यक्ष बी.एल. शर्मा भी उपस्थित रहे।
**आठवां वेतन आयोग गठन करने पर जताया आभार:** इस मुलाकात का प्रमुख उद्देश्य दिल्ली में नई सरकार के गठन पर शुभकामनाएँ अर्पित करना और 8वें वेतन आयोग के गठन हेतु रक्षा मंत्री का आभार प्रकट करना था। मुलाकात के दौरान इन दोनों विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि वेतन आयोग के गठन की मांग व इनकम टैक्स में टैक्स फ्री वेतन राशि को बढ़ाने की माँग इप्सेफ द्वारा उठाई गई थी, जिसमें रक्षा मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया था कि वेतन आयोग का जल्द गठन होगा।
**आप सरकार ने झूठे शिक्षा मॉडल का किया प्रचार-प्रसार:** बैठक के दौरान अजय वीर यादव ने विगत चुनावों में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया और राजकीय



विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव के रूप में बीते 10 वर्षों के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकार ने झूठे शिक्षा मॉडल का प्रचार-प्रसार किया, जिसकी वास्तविकता कुछ और थी। शिक्षक संघ ने इस भ्रामक शिक्षा नीति का हर उचित मंच पर विरोध किया। इसी संघर्ष को विस्तार से दशार्ने वाली "संपूर्ण क्रांति" पत्रिका रक्षा मंत्री को भेंट की गई, जिसे पढ़कर वे अत्यंत प्रसन्न हुए।
**राजनाथ ने कहा अब शिक्षको की उम्मीद पर खरा उतरेगी दिल्ली सरकार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया कि अब संघर्ष का समय समाप्त हो चुका है। दिल्ली में अब एक ऐसी सरकार होगी जो शिक्षकों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और दिल्ली के 18 लाख से अधिक छात्रों के लिए संस्कारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल तैयार करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक संघ का मान-सम्मान सदा बना रहेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. मिश्रा ने 8वें वेतन आयोग के गठन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और यह आग्रह किया कि वेतन आयोग की सिफारिशें देशभर के कर्मचारियों की आवश्यकताओं और उम्मीदों के अनुरूप होनी चाहिए। इस पर रक्षा मंत्री ने सहमति जताई और आश्वासन दिया कि शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि वेतन आयोग से जुड़े मुद्दों पर समुचित विचार-विमर्श हो सके। यादव ने कहा कि आने वाले पाँच वर्ष दिल्ली के शैक्षणिक इतिहास में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि हर स्कूल में "गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन" की परंपरा को बढ़ावा दिया जाएगा और संस्कारी विद्यार्थियों को दिल्ली के भविष्य का उदाहरण बनाया जाएगा।

# विधायक राजकुमार भाटिया ने किया क्षेत्र का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री** के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों के साथ आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया ने क्षेत्र का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक राजकुमार भाटिया ने बताया कि इस दौरान सराय पीपल थला, भडौला गांव, जीटी रोड आजादपुर मंडी, रोड नंबर-51 तथा प्रिंसेस रोड़ और नॉर्थ एक्स का दौरा किया गया और वहां पर जो भी समस्याएं है उनका तुरन्त समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस मौके पर विधायक राजकुमार भाटिया ने मुख्यमंत्री जी का आभार किया, जिन्होंने आदर्श नगर क्षेत्र को तुरंत विकास एवं स्वच्छता अभियान हेतु चुना है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शालीमार बाग बीबी ईस्ट ब्लॉक आरडब्ल्यूए की टीम व आरडब्ल्यूए के प्रधान जवाहर मदान ने दिल्ली की सीएम बनने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी।

# दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का काम हम सब मिलकर करेंगे: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सांसद कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज के साथ आज राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय महाविशेष द्वारकेश श्री बाहुबली स्वामी महामस्तकाभिषेक के अवसर पर जैन मुनी पूज्य श्री चारूकीर्ति पंडिताचर्याव्रिया भदारक महास्वामी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज की हमारे पर हमेशा से ही बड़ी कृपा रही है और उसी का परिणाम है कि दिल्ली के सम्पूर्ण विकास की



जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है। रेखा गुप्ता ने कहा कि जो विश्वास इस समाज ने मुझपर जताया है उसे हमेशा पूरा करने की कोशिश करुंगी। दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने की जिम्मेदारी मुझे मिली है और आने वाले समय में यह दिल्ली विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। श्रीमती गुप्ता ने कहा की महावीर जयंती का कार्यक्रम जो संसद भवन में हुआ था उसे इस साल भी बड़े उत्सव के साथ मनाएंगे और विकसित दिल्ली के लिए हम लगातार काम करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उन सभी करोड़ों दिल्लीवालों के सपने को साकार करने का काम करेंगे।

# बौजयंत पांडा ने कीर्ति नगर में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** द्वारा प्रदेश भर में बूथ स्तर पर आयोजित 5018 छोटे बड़े कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।
इसी श्रृंखला में नारायणा विहार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नारायणा विहार में आयोजित एक बूथ स्तरीय कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम सुना।
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद बांसुरी स्वराज और विधायक उमंग बजाज के



अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नारायणा के पदाधिकारियो ने भी जगत प्रकाश नड्डा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक संजय मयूख, प्रदेश मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, करोलबाग जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड़ भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने कीर्ती नगर में "मन की बात" कार्यक्रम सुना और कार्यकर्ताओं को जनता प्रधानमंत्री के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का आवाहन किया। विधायक हरीश खुराना भी उपस्थित थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की सराहना की वह स्मरणीय है। उन्होने कहा की इसरो के 100वें रॉकेट लॉचिंग का साक्षी पूरा देश बना है और यह सिर्फ एक नंबर नहीं है बल्कि भारत की ताकत को और हमारे संकल्पों को दशार्ता है।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की दुनिया में भारत की इतनी तारीफ की जा रही है क्योंकि भारत एआई तकनीक उपयोग के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाईयों को छू रहा है।



रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए भाजपा जिला केशवपुरम के कार्यकारिणी सदस्य उमेश साहू।

# कन्यादान होता है महादान, सभी बनें इस पुण्य के भागीदार: सैनी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/अलीगढ़: दिल्ली** की समाजसेविका ज्योति सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत हरदुआगंज(जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश) में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। ज्योति सैनी ने आगे बताया कि इस दौरान 251 हिंदुओं के जोड़े और मुस्लिम बहनों के 51 जोड़े का सामूहिक विवाह हुआ। इस मौके पर अतिथि के रूप में चेयरमैन राजेश यादव के अलावा कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ लेखाबाबू रंजीत सिंह, ज्योति सैनी भाजपा मंत्री एवं प्रमुख समाजसेवी दिल्ली के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ज्योति सैनी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि कन्यादान बड़ा ही पुण्य का कार्य है, इसमें सभी को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर कई लोगों ने भी विचार रखें।

# गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से नीचे गिरे बाइक सवार मामा-भांजा, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: शाहदरा जिले** के गीता कालोनी फ्लाईओवर पर बने लूप से बाइक सवार दो युवक नीचे गिर गए। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। अस्पताल में एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामले की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक 30 वर्षीय सोनू के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में घायल 27 वर्षीय सोनू आईसीयू में भर्ती है। हादसे का शिकार हुए दोनों युवक आपस में मामा-भांजे हैं, मामा की मौत हुई है। पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि मृतक 30 वर्षीय सोनू अपने परिवार के साथ भागीरथी विहार, उत्तर-पूर्वी दिल्ली में रहता था। इसके परिवार में पिता करण सिंह व अन्य सदस्य हैं। सोनू लोनी गाजियाबाद यूपी में जींस फैक्ट्री में कार्यरत था। जबकि घायल सोनू पुत्र सुरेश जेजे कालोनी, मदनपुर खादर, सरिता विहार में रहता है। सोनू पुत्र सुरेश मृतक सोनू का भांजा है।

## महेश भूपति पहुंचे पटना, टेनिस के उभरते खिलाड़ियों से की मुलाकात

एजेंसी

**पटना।** भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी महेश भूपति ने आज पटना का दौरा किया और यहां के उभरते टेनिस खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों से उनकी ट्रेनिंग, खेल तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। युवा खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें खेल के प्रति समर्पित रहने और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। महेश भूपति ने बिहार सरकार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर और निदेशक महेंद्र कुमार से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण से भी भेंट की और राज्य में खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। महेश भूपति ने बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। महेश भूपति ने कहा कि बिहार में खेलों की अपार संभावनाएं हैं और आने वाले वर्षों में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने राज्य में टेनिस और अन्य खेलों के विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए और भविष्य में बिहार के खिलाड़ियों के साथ और अधिक जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। इस यात्रा से न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिली, बल्कि बिहार में खेल संस्कृति को और मजबूत करने की दिशा में नई संभावनाएं भी खुलीं।

## एक क्रिकेट मैच से कहीं बढ़कर है भारत-पाकिस्तान मुकाबला : स्टीव वॉ

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के आगाज के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और लॉरियस अकादमी के सदस्य स्टीव वॉ ने टूर्नामेंट के खिताबी दावेदारों को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने भारत, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की अच्छी शुरुआत को देखते हुए भारत को प्रबल दावेदार बताया। वॉ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, इन परिस्थितियों में भारत मजबूत नजर आ रहा है। न्यूजीलैंड के पास भी संतुलित टीम है। ऑस्ट्रेलिया को कम नहीं आंक सकते, वे हमेशा प्रतिस्पर्धी रहते हैं। इंग्लैंड और पाकिस्तान भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। टूर्नामेंट में 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर वॉ ने कहा, भारत और पाकिस्तान का मुकाबला सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा होता है। भारत पसंदीदा हो सकता है लेकिन एकदिवसीय क्रिकेट काफी अप्रत्याशित होता है। कोई भी खिलाड़ी अकेले दम पर मैच पलट सकता है।

## न्यूजीलैंड से होने वाले अहम मुकाबले से पहले बांग्लादेश को महमुदुल्लाह के फिट होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के खिलाफ मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले सीनियर बल्लेबाज महमूदुल्लाह की उपलब्धता की उम्मीद है। बांग्लादेश को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 24 फरवरी को रावलपिंडी में होने वाले मैच को जीतना जरूरी है। अपने पिछले चार एकदिवसीय मैचों में चार अर्धशतक बनाने वाले महमूदुल्लाह को भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रशिक्षण के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव का सामना करना पड़ा, जिससे मैच के लिए बांग्लादेश की टीम का कॉम्बिनेशन बिगड़ गया और मैच में उनकी कमी महसूस की गई। भारत के खिलाफ मैच के पहले घंटे में बांग्लादेश की टीम ने केवल 35 रनों पर 5 विकेट खो दिए थे, इसके बाद तौहीद हृदोय के शतक और जेकर अली के अर्धशतक की बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी। इस बीच, 19 फरवरी को कराची में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 60 रन से हराने के बाद न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरपूर है। ब्लैक कैप्स पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी जीत से भी उत्साहित हैं, जहां उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफ सभी मैच जीते थे।

## युवराज सिंह का बाऊंड्री रोप पर जोरदार कैच, टीम 4 रन से जीती

**नई दिल्ली।** नवी मुंबई की डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान श्रीलंका मास्टर्स को 4 रन से हरा दिया। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 के तहत खेले गए इस मुकाबले में इंडिया मास्टर्स ने पहले खेलते हुए गुरकीरत के 33, स्टुअर्ट बिन्नी के 68, यूसुफ पठान ने 56 रन



बनाकर स्कोर 222 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम ने एक समय संगाकरा और थिरमाने की बदौलत मजबूत शुरूआत की लेकिन तभी 8वें ओवर में इंडिया मास्टर्स के युवराज सिंह ने बाऊंड्री रोप पर जोरदार कैच पकड़कर कैच का पासा ही पलट दिया। थिरमाने ने इरफान पठान की गेंद पर सीधी शॉट लगाई थी जिसे बाऊंड्री रोप पर पहले से मुस्तैद खड़े युवराज ने छलांग लगाकर पकड़ लिया।

# एशिया कप में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, 5 स्वर्ण पदक जीते

एजेंसी

**बैंकाक।** भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में आठ पदक, पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य के साथ अपने अभियान का शानदार समापन किया। भारत ने रिकर्व और कंपाउंड दोनों स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और रिकर्व में तीन व कंपाउंड में दो स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि सीनियर पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में रही, जहां 21 वर्ष से कम उम्र के कुशल दलाल, मानव गणेशराव जाधव और गणेश मणि रत्नम थिरुमुर की युवा तिकड़ी ने 2129 के कुल स्कोर के साथ अंडर -21 विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारतीय टीम ने फाइनल में मलेशिया को 237-233 से हराया, जबकि दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। दलाल ने पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में दक्षिण कोरिया के चोई योंगही को 148-144 से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। मलेशिया के




अकील मुहम्मद ग़ज़ाली ने कांस्य पदक जीता।रिकर्व वर्ग में, गोल्डी मिश्रा, राहुल राहुल और विष्णु चौधरी की भारतीय पुरुष टीम ने फाइनल में चीन पर 5-1 की शानदार जीत के बाद स्वर्ण पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर रहा। विष्णु चौधरी ने व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में हमवतन राहुल को 6-2 से हराया। चीनी ताइपे की लियु ताई-येन ने कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत की बसंती महतो ने 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे की फोंग यू झू को 6-4 से हराया और भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक हासिल किया। चीन की वू जियाक्सिन ने कांस्य पदक जीता।

मिश्रित रिकर्व टीम स्पर्धा में विष्णु चौधरी और बसंती महतो को फाइनल में चीन से 6-0 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी ताइपे तीसरे स्थान पर रहा।इस बीच, अवनीत कौर, मधुरवर्षिनी मुरुगनाथम और चिकिथा तानीपर्थी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने ईरान के खिलाफ तनावपूर्ण शूट-ऑफ के बाद कांस्य पदक जीता। भारत के जीतने से पहले दोनों टीमें 232 रन पर बराबरी पर थीं। दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान ने रजत पदक हासिल किया।

## चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने खेल अवसंरचना के विकास पर की उच्च स्तरीय बैठक

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारत में खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के तहत केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में पंजाब सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य उत्तर भारत में खेल अवसंरचना को और मजबूत करना था।



डॉ मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिनमें खेलो इंडिया, फिट इंडिया और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम प्रमुख हैं। हमारा लक्ष्य ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जहां युवा प्रतिभाएं निखरकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, मेहनत और देशप्रेम की भावना को भी मजबूत करते हैं। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने कबड्डी, हैंडबॉल, जूडो, बॉक्सिंग, कयाकिंग और कैनोइंग जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ये खिलाड़ी 38वें राष्ट्रीय खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। ये सभी भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रशिक्षण केंद्रों और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## विश्व कप के लिए 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में दो चरणों में शुरु होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिये 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा कर दी गयी।ये टीम आगामी संयुक्त (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप में हिस्सा लेगी। ये प्रतियोगिताएं ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना (1-11 अप्रैल) और लीमा, पेरू (13-22 अप्रैल) में आयोजित होंगी। डबल ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर एक बार फिर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट होंगी। अन्य पेरिस ओलंपियन में अनीश और विजयवीर सिद्धू (पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल), ईशा सिंह (महिला 25 मीटर पिस्टल), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सिफत कौर समरा और श्रियांका सदांगी (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अर्जुन बाबूता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), पृथ्वीराज टोंडाईमान (पुरुष ट्रैप), अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) और राइज़ा ढिल्लों (महिला स्कीट) शामिल हैं। टीम के प्रस्थान से पहले एक राष्ट्रीय शिविर का आयोजन 14 मार्च से दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में किया जाएगा। राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव, कुंवर सुल्तान सिंह ने कहा, 'भारत के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज एक बार फिर विश्व के दिग्गजों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। भारत सरकार और खेल मंत्रालय ने हमारी तैयारियों और प्रशिक्षण को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद, अब पूरे शूटिंग समुदाय पर नई ज़िम्मेदारी है कि हम अपने स्तर को और ऊंचा उठाएं। हमें पूरा विश्वास है कि अंतरराष्ट्रीय सीजन के इन शुरुआती टूर्नामेंटों में हमारे निशानेबाज शानदार प्रदर्शन करेंगे।'

## बिहार भविष्य में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी देगा : महेश भूपति

एजेंसी

**पटना।** भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी महेश भूपति ने बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की सराहना करते हुए आज कहा कि यह प्रदेश भविष्य में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देगा।

श्री भूपति ने पटना का दौरा किया और यहां के उभरते टेनिस खिलाड़ियों से मुलाकात की और खिलाड़ियों से उनके प्रशिक्षण, खेल तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा के दौरान बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें खेल के प्रति समर्पित रहने और निरंतर मेहनत करने की सलाह दी।

टेनिस दिग्गज ने कहा, ÷बिहार में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और उभरते खिलाड़ियों की प्रतिभा देखकर बेहद खुशी हो रही है। यह राज्य भविष्य में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देगा। बिहार में टेनिस को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए बेहतर आधारभूत संरचना, प्रशिक्षकों और प्रतियोगिताओं की आवश्यकता है। श्री भूपति ने कहा कि बिहार में खेलों की अपार संभावनाएं हैं और आने वाले वर्षों में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। उन्होंने राज्य में टेनिस और अन्य खेलों के



विकास के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए और भविष्य में बिहार के खिलाड़ियों के साथ और अधिक जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

# हेनरी की विस्फोटक पारी से यूपी वारियर्स ने चखा पहली जीत का स्वाद

एजेंसी

**बेंगलुरु।** शिनेल हेनरी (28 गेंद में 62 रन) की आतिशी पारी की मदद से यूपी वारियर्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रन की आसान जीत दर्ज की। यूपी वारियर्स ने पहले खेलते हुये नौ विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की पारी 19.3 ओवर में 144 रन बना कर सिमट गयी। यूपी की जीत की नायक शिनेर हेनरी बनी जिन्होने अपनी दिलेर पारी से यूपी की उम्मीदों को हवा दी जबकि बाद में क्रांति गौड़ (25 पर चार विकेट) और ग्रेस हैरिस (15 रन पर चार विकेट) ने दिल्ली का पुलिंदा बांधने मे कोई कमी नहीं छोड़ी। दिल्ली की तरफ से जेमिमाह रॉड्रिग्स (56) ने अपने अंदाज के अनुरुप धाकड़ बल्लेबाजी की और मात्र 35 गेंदो की पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ दिया



मगर मध्यक्रम ने उनका साथ नहीं दिया और दिल्ली के सात खिलाड़ी अपने निजी स्कोर को दहाई तक पहुंचाने में भी विफल साबित हुये। इससे पहले शैफाली वर्मा 24 रन का योगदान दिया मगर इन फार्म मेन लानिंग (5) का बल्ला आज नहीं चला।इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक समय यूपी के छह खिलाड़ी 89 रन जोड़ कर पवेलियन लौट चुके थे और चंद ओवरों का खेल बचा था। ऐसे में हेनरी के बल्ले से निकली आग से दिल्ली के गेंदबाज झुलस गये। हेनरी ने मैदान के चारों तरफ चौके छक्कों की बौछार कर दी और यूपी का स्कोरबोर्ड हवा से बातें करने लगा।

हेनरी ने अपनी विस्फोटक पारी के दौरान आठ गगनचुंबी छक्के और दो चौके लगाये। वह यूपी की पारी की अंतिम गेंद पर जानासन का शिकार बनी। हेनरी के अलावा किरण नवगिरे (17),दीप्ति शर्मा (13),तालिया मैग्रा (24),श्वेता सहरावत (11) और सोफ़ी एकल्सटन (12) अपने स्कोर को दहाई तक पहुंचाने में सफल रहीं। दिल्ली की ओर से जेस जानासन ने 31 रन खर्च कर यूपी के चार बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी जबकि अरुंधति रेड्डी और मरीज़ान काप ने दो दो विकेट झटके।

## जीवन नेदुनचेझियान-विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने जीता महा ओपन एटीपी चैलेंजर का खिताब

एजेंसी

**पुणे।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 का युगल खिताब जीत लिया है। पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ब्लेक बेयल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस को 3-6, 6-3, 10-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।यह जीवन और प्रशांत की जोड़ी का एक साथ पहला खिताब था, जबकि प्रशांत के लिए पुणे में यह तीसरा खिताब रहा। इस शानदार जीत के साथ भारतीय जोड़ी को 7 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और 100 एटीपी अंक मिले। इससे जीवन की विश्व रैंकिंग 94वें और प्रशांत की 104वें स्थान पर पहुंच गई। खेले जाने वाले एकल फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी ब्रैंडन होल्ट का मुकाबला चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त डेलिबोर स्वेरसीना से होगा।



सेमीफाइनल मुकाबले में 26 वर्षीय और छठी वरीयता प्राप्त ब्रैंडन होल्ट, जो दुनिया में 153वें स्थान पर हैं, ने आठवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के एलेक्सिस गैलारन्यू को 7-5, 6-4 से हराने में एक घंटे 34 मिनट का समय लिया। पहले सेट में 5-0 की बढ़त लेने के बाद होल्ट को गैलारन्यू ने 5-5 की बराबरी पर ला दिया।

## सुशीला चानू ने पूरे किये 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच,हॉकी इंडिया ने दी बधाई

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिये 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता और तब से लगातार सीनियर टीम में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपनी टीम का नेतृत्व किया, जो 1980 के बाद पहली टीम थी। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां भारत ने कांस्य पदक जीता।

अनुभवी मिडफील्डर 2017 एशिया कप में भारत की महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीत का भी हिस्सा थी और इससे पहले 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भारत की योग्यता सुनिश्चित करने और टूर्नामेंट में टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान को सुनिश्चित करने के लिए भी कड़ी मेहनत की। 2022 में, सुशीला ने भारत को राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और एशिया कप में कांस्य पदक दिलाने में मदद की। उन्होंने 2024 में भारत की लगातार दूसरी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीत में भी बड़ी भूमिका निभाई। विश्व मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के उनके अथक प्रयासों के लिए, सुशीला को 2023 में भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।मील के पत्थर तक पहुंचने पर सुशीला ने कहा, मैं अपने देश के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरे करने के लिए आभारी हूं। यह अब तक एक अद्भुत यात्रा रही है और मैं आने वाले वर्षों में अपने देश के लिए और भी अधिक प्रतिनिधित्व करने और जीतने की उम्मीद कर रही हूं। उन्होंने कहा, इस भावनात्मक और विशेष क्षण पर, मैं अपने परिवार, टीम के साथियों और सहयोगी स्टाफ को मुझ पर विश्वास करने और इस उपलब्धि को हासिल करने में मदद करने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। वर्षों से अपने सभी साथियों के बिना, मैं इसे कभी हासिल नहीं कर पाती, इसलिए मैं उन सभी की आभारी हूं जो मेरी यात्रा का हिस्सा रहे हैं और वर्षों से मेरी मदद की है। सुशीला ने कहा ÷मैं हॉकी इंडिया को उनके निरंतर समर्थन और मुझे अपने देश के लिये खेलने का अवसर देने के लिए भी धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं और भी कड़ी मेहनत करने और मैदान पर अपना सब कुछ देने का वादा करती हूं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने सुशीला को बधाई देते हुए कहा, ÷ यह देखकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है कि सुशीला ने भारत के लिए अपना 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की है और हम मैदान पर उनके अथक प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। मुझे यकीन है कि यह युवा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा, खासकर मणिपुर में जहां से हमने अनगिनत विशेष प्रतिभाओं को आगे बढ़ते देखा है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, मैं सुशीला के लिए बेहद खुश हूं क्योंकि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए सरकारी बाबू को मुफ्त पास नहीं बांटेगी पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहली बार मौजूदा चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान दीर्घाओं , वीआईपी क्षेत्र या हास्पिटेलिटी बॉक्स के लिए कोई मुफ्त पास नहीं देने का फैसला किया है। आम तौर पर पाकिस्तान में जब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होता है तो पीसीबी मीडिया, सरकारी महकमों, वीआईपी या प्रायोजकों के लिए मुफ्त पास के तौर पर टिकट रखता है। इस बार पीसीबी अध्यक्ष के निजी मेहमानों और प्रायोजकों के लिए कुछ टिकट को छोड़कर कोई कोटा या मुफ्त पास नहीं रखे गए हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी के टिकटों की प्रक्रिया से जुड़े आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि पीसीबी अधिकारियों पर भारी दबाव है क्योंकि मुफ्त पास पाने के आदी लोग उनसे बार बार मांग रहे हैं लेकिन उन्हें कहा जा रहा है ।

## 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिपः हरियाणा, महाराष्ट्र और सर्विसेज़ की दमदार शुरुआत

एजेंसी

**कटक।** 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में नॉकआउट चरण का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। कटक के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में शीर्ष टीमों ने अपना दबदबा दिखाया, जिससे टूर्नामेंट और भी दिलचस्प हो गया।

हरियाणा की संघर्षपूर्ण जीतः डिफेंडिंग चैंपियन हरियाणा को तमिलनाडु के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि, अनुभवी योगेश कथुनिया और आशु मलिक की अगुवाई में हरियाणा की मजबूत रेडिंग यूनिट ने शानदार प्रदर्शन किया और 48-41 के अंतर से जीत दर्ज की। मुकाबले में तमिलनाडु की टीम ने दमदार खेल दिखाया, लेकिन अंतिम क्षणों में हरियाणा ने बढ़त बना ली। सर्विसेज़ की धमाकेदार जीतः नवीन कुमार के नेतृत्व में सर्विसेज़ ने अपने कौशल और संतुलित खेल का परिचय देते हुए मध्य प्रदेश को 57-22 से मात दी। उनके मजबूत डिफेंस और आक्रामक रेडिंग की बदौलत यह मुकाबला पूरी तरह से एकतरफा साबित हुआ। इस प्रदर्शन के साथ सर्विसेज़ ने खुद को खिताब के प्रमुख दावेदारों में शामिल कर लिया है। पंजाब की एकतरफा जीतः कबड्डी की एक और दिग्गज टीम पंजाब ने बिहार के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और 47-18 के बड़े अंतर से जीत हासिल की। उनकी टीम ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा और बिहार को वापसी का कोई मौका नहीं



दिया। महाराष्ट्र ने मेजबान ओडिशा को हरायाः मेजबान ओडिशा को महाराष्ट्र के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जहां आकाश शिंदे, अजीत चौहान और पंकज मोहिते जैसे खिलाड़ियों के दमदार खेल की बदौलत महाराष्ट्र ने 43-26 से जीत दर्ज की। घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद ओडिशा की टीम महाराष्ट्र की रणनीतिक बढ़त को नहीं रोक सकी।

# डकेट पर भारी इंग्लिस की पारी, आस्ट्रेलिया पांच विकेट से जीता

एजेंसी

**लाहौर।** इंग्लैंड के बेन डकेट (165) की रिकार्ड पारी पर जॉश इंग्लिस (120 नाबाद) भारी पड़ गये और आस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्राफी ग्रुप बी के हाई स्कोरिंग मुकाबले को 15 गेंद शेष रहते अपने पक्ष में कर लिया।गद्दाफी स्टेडियम पर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 351 रन बनाये जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया ने विजय लक्ष्य 47.3 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलिया को दो झटके सस्ते में लग गये थे मगर एक छोर पर डटे मैथ्यू शॉर्ट (63) ने पहले मार्नस लाबुशेन (47) के साथ 95 रन की पार्टनरशिप कर टीम को मुश्किल के भंवर से निकाला जबकि बाद में जॉश इंग्लिस और एलेक्स कैरी (69) ने 147 रन जोड़ कर टीम को जीत के दहलीज तक लाने का साहस पैदा किया मगर जीत अभी दूर थी मगर नये बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (32) ने अंग्रेजी आक्रमण को बौना साबित करते हुये इंग्लिस का भरपूर साथ दिया और दोनो ने जीत दिला करके ही सांस ली। इस विराट जीत के बाद आस्ट्रेलिया ने उन आलोचकों के भी मुंह बंद कर दिये जो आस्ट्रेलियाई टीम के कमजोर होने की बात कर रहे




थे। इससे पहले डकेट और जो रुट (68) ने 158 रन की साझीदारी की बदौलत इंग्लैड ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट पर 351 रन का स्कोर खड़ा किया था। फिल साल्ट (10) और जेमी स्मिथ (15) के दो विकेट जल्दी गिरने से इंग्लैंड हल्के दवाब में आया था मगर एक छोर पर डटे डकेट के इरादे आज खतरनाक थे। उन्होने नये बल्लेबाज रुट के साथ कंगारु गेंदबाजों का कड़ा इम्तिहान लिया। दोनो खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार करते हुये स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। रुट एडम जम्पा की गेंद पर पगबाधा करार दिये गये। उधर दूसरे छोर पर डकेट ने पिटाई का क्रम जारी रखा। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शतकीय पारी में 143 गेंद खेल कर 17 चौके और तीन छक्के लगाये। इसके साथ ही वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। इससे पहले यह रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाथन एस्टल के नाम था। डकेट पारी के 48वें ओवर में मार्नस लाबुस्चगने की गेंद पर आउट हो गए। निचले क्रम में जोफा आर्चर 21 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। आस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारश्विस तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे वहीं मार्नस लाबुशेन और एडम जैम्पा ने दो दो विकेट अपनी झोली में डाले।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# जॉब क्रिएटर बनने पर फोकस करें युवा: सीएम

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप की संस्कृति को दिया नया आयाम: सीएम

**निवेश**

**▸▸ दुनिया में अपने नवाचार से डिजिटल अर्थव्यवस्था में लोहा मनवा चुके 100 यूनिकॉर्न जुटे**




**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने व निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की योजना पर मंथन करने रविवार को आगरा पहुंचे। दुनिया में अपने नवाचार से डिजिटल अर्थव्यवस्था में लोहा मनवा चुके 100 यूनिकॉर्न रविवार को ताजनगरी में जुटे। होटल अमर विलास में आयोजित यूनिकॉर्न कंपनीज के कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा जॉब क्रिएटर बनने पर फोकस करें। पहले यूपी में अवसर नहीं थे, लेकिन प्रतियोगी छात्रों ने आइडिया पर काम किया है। जो पहले टेक्नोलॉजी में आगे थे, वह स्टार्टअप में भी आगे हैं। योगी ने तारीफ करते हुए कहा कि ग्रोथ इंजन के तौर पर युवाओं ने प्रेरणा के रूप में काम किया है। हर क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2019 में बुंदेलखंड प्रवास के दौरान पांच महिलाएं मेरे पास आईं। उन्होंने नौकरी की मांग की, किसी ने बताया कि वे पांचवीं पास हैं। इस पर राज्य सरकार ने पहल की। मिल्क प्रोड्यूसर का गठन किया गया, उनकी ट्रेनिंग कराई, फिर कार्य प्रारंभ कराया गया। आप आश्चर्य करेंगे कि उनका टर्नओवर 1500 करोड़ का है और इससे 42 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। उससे भी अच्छा कार्य आगरा की मिल्क प्रोड्यूसर कर रही हैं।

**कृषि के साथ ही सनातन, ज्ञान व परंपरा की भूमि है उत्तर प्रदेश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी केवल कृषि ही नहीं, बल्कि सनातन-ज्ञान और परंपरा की भी भूमि है। यूपी में निवेश को बढ़ावा देने को लेकर यहां कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। इसमें देशभर के यूनिकॉर्न कंपनी के लोग विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। कोई भी यूनिकॉर्न कंपनी बिना निवेशकों के आगे नहीं बढ़ती है। उन्होंने कहा कि विचारों की परंपरा प्राचीन काल से है। वाल्मीकि रामायण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लोकप्रिय होने का कारण महर्षि वाल्मीकि की व्यावहारिक समझ थी। रामायण की रचना से पहले उनके मन में श्लोक आ रहा था। वे नारद जी के पास गए, तब नारद जी ने भगवान श्रीराम को आधार रखने की सलाह दी। महर्षि ने ऐसा करके ही रामायण की रचना की। अगर विचारों का आदान-प्रदान नहीं होता तो रामायण नहीं रची जाती। आप लोगों के विचारों का आदान-प्रदान एक नई रामायण की आधारशिला जैसी है।

**दुनिया में पहचान बना चुका है स्टार्टअप इंडिया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के प्रयास चल रहे हैं।

### महाकुम्भ में दिखा तकनीक का परिणाम

**मुख्यमंत्री** ने महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि खोया–पाया के माध्यम से हमारे युवाओं ने 28000 लोगों को घर वालों से मिलाया है। डिजिटल खोया पाया केंद्र पर परिवारों से मिलाए गए। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कि हजारों लोग मारे गए। उनकी दृष्टि ऐसी है। महाकुंभ में 25 से 30 लाख लोग की क्षमता है, लेकिन वहां करोड़ों लोग पहुंचे। हमने बसें, ट्रेन चलाईं, उन्हें वापस भेजा, प्रवास की सुविधा दी। इसके बाद उनके साथ संवाद स्थापित किया। परिवार वालों से बात करके सभी को उनके घरों सुरक्षित भेजा। यह तकनीकी का ही परिणाम है। यदि तकनीक नहीं होती तो शायद न हो पाता।

# हरिद्वार में सुनी मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री के मन की बात

**प्रेरणा**

**▸▸ 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का स्थान सातवें नंबर पर होना गर्व की बात है: सीएम धामी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जगतगुरु आश्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 119वां संस्करण सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम पूरे देश वासियों को एक नई प्रेरणा देता है। मन की बात से सभी में नया प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन होता है। देश के सामूहिक प्रयासों, युवा सपनों और नागरिकों की आकांक्षाओं की बात को प्रधानमंत्री सबसे साझा कर, बेहतर कार्यों के लिए देशवासियों को प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बारे में देश व दुनिया को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के भिन्न-भिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए। उत्तराखंड के 11 स्थान पर इन खेलों का आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है, जिसमें राफ्टिंग की प्रतियोगिता शारदा और काली नदी में दिन के बजाय रात्रि में सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेल राज्य की खेल प्रतिभाओं के लिए बहुत बड़ा अवसर था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि, वीर भूमि के साथ अब खेल भूमि के रूप में स्थापित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जहां 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का स्थान 25वें नंबर पर था वहीं 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का स्थान सातवें नंबर पर होना गर्व की बात है।

# हिमाचल में पारा गिरा, शुरू होगा बर्फबारी का दौर

**बदलेगा मौसम**

**▸▸ राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान औसतन न्यूनतम तापमान में 0.6 डिग्री की गिरावट आई किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला। हिमाच**ल प्रदेश में इन दिनों मौसम में बदलाव का दौर जारी है। राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान औसतन न्यूनतम तापमान में 0.6 डिग्री की गिरावट आई है। रविवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहा, हालांकि शिमला और मनाली जैसे उच्च इलाकों में हल्के बादल होने के बावजूद धूप खिली रही। इससे दिन में मौसम सामान्य रहा लेकिन रात के पारे में गिरावट के कारण शीतलहर बरकरार रही। राज्य के विभिन्न हिस्सों में सर्दी का असर अभी भी बना हुआ है और यह मौसम अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। 24 फरवरी को पूरे राज्य में मौसम साफ रहेगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

# 'विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके है महाकुम्भ में डुबकी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुम्भ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज ह्यसतुआ बाबाह्ण से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी। वहीं शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और 60 करोड़ से अधिक सनातनियों के महाकुम्भ में स्नान करने को भी सराहा।



**सनातन धर्म की मजबूती में कांची कामकोटि पीठ की अहम**

**भूमिका**

**▸▸ कांची कामकोटि शंकराचार्य शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने की महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की सराहना**

**भूमिका: सीएम योगी**

सीएम योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पूज्य पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण और अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं।

**62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई है महाकुम्भ में पावन डुबकी**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में कोई ऐसा मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जहां निश्चित समय पर इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था व्यक्त करने के

# हिमाचल में फास्टैग आधारित प्रवेश कर संग्रह सुविधा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

शिमला: प्रदेश सरकार राज्य में वाहनों के माध्यम से प्रवेश करने वाले यात्रियों के लिए एंट्री टैक्स भुगतान की सुविधा को सुव्यवस्थित करने जा रही है। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के सभी 55 टोल बैरियरों पर फास्टैग आधारित प्रवेश कर संग्रह सुविधा आरम्भ की जाएगी। पहले चरण में यह सुविधा छह स्थानों पर लागू की जाएगी, जिसमें बिलासपुर जिले के गरमौरा, परवाणू (मेन) सोलन जिले के टिपरा बाईपास (परवाणू) सिरमौर जिले के गोविंदघाट, कांगड़ा जिले के कंडवाल, ऊना जिले के मैहतपुर और सोलन जिले के बद्दी शामिल हैं।

# कायस्थ महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किए गए रजनीश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली प्रदेश कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके सक्सेना के नेतृत्व में और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव (नीलू) के द्वारा मनोनीत किए गए पर्यवेक्षक ए के जौहरी (उत्तर प्रदेश पश्चिम-अध्यक्ष) और राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विपिन जौहरी के नेतृत्व में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए रजनीश रंजन सिन्हा।



इस कार्यक्रम की शुरूआत में आराध्य देव चित्रगुप्त भगवान की स्तुति से हुई।मौके पे मौजूद महेंद्र सक्सेना (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), रेखा श्रीवास्तव (महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष), शेफाली भटनागर(महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष),आर डी श्रीवास्तव(राष्ट्रीय मंत्री), एस के निगम,राजीव रंजन वर्मा,संजय कुमार सिन्हा, मनीष कुमार श्रीवास्तव,अरुण कुमार श्रीवास्तव,प्रेम भटनागर,अखिल अस्थाना,शेखर सुमन श्रीवास्तव एवं अन्य चित्रांश बंधु मौजूद थे सभी लोगों ने बुके और शॉल पहनाकर शुभकामनाएं दी।

**जिम्मेदारी**

**▸▸ सोमवार को संस्कृति ग्राम, गंगा–यमुना, त्रिवेणी व अहिल्या बाई होल्कर पंडाल पर भी होंगे विविध आयोजन**

# फिर शुरू होगा 41 वर्ष पूर्व का नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल। 41 वर्ष पूर्व** हुए नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन की एक बार फिर आवश्यकता महसूस की जा रही है। नैनीताल मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन के ऐतिहासिक संदर्भ और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजीव लोचन साह ने कहा कि वर्तमान में रोजगार के अभाव में युवा अवसाद का शिकार हो रहे हैं, और नशे की गिरफ्त में केमिकल नशा, इंजेक्शन, स्मैक आदि की गिरफ्त में आ रहे हैं, जो कि 41 वर्ष पूर्व इस आंदोलन के मुख्य कारण शराब की तुलना में अधिक घातक साबित हो रहा है। खासतौर पर विद्यार्थी इस प्रवृत्ति से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनके जीवन और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।



**चर्चा हुई**

**▸▸ बैठक में आंदोलन के ऐतिहासिक संदर्भ और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा हुई**

# मोहित चौहान के गीतों संग होगा 'संस्कृति का महाकुम्भ'

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान है। इसके पहले सोमवार को बॉलीवुड सिंगर मोहित चौहान के गीतों संग 'संस्कृति का महाकुम्भ' होगा। संस्कृति ग्राम, गंगा-यमुना पंडाल, त्रिवेणी पंडाल व अहिल्या बाई होल्कर पंडाल समेत सभी मंचों पर सांस्कृतिक आयोजन होंगे। कहीं सुरों की सरिता तो उत्तर प्रदेश के लोकनृत्य की बयार बहेगी।




**गर्व की बात** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आयोजित मन की बात कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल का नाम लिया

# मन की बात कार्यक्रम में हिमाचल का गौरव, बिंदल ने की सराहना

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को आयोजित मन की बात कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल का नाम लिया, जिन्होंने देशवासियों का दिल जीता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का कहना है कि यह हिमाचल के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने भारत में वन्यजीवों के जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भारत की पहचान और वैज्ञानिक जीवन के अनुभव जैसे विषयों पर भी बात की।

राजीव बिंदल ने रविवार को ठियोग में आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सबसे अधिक जानकारीपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री विभिन्न माध्यमों से भारत को जोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के योगदान को सम्मान देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए घोषणा की कि राष्ट्रीय महिला दिवस पर वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भारत की प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे। इस पहल का उद्देश्य उन महिलाओं को एक मंच प्रदान करना है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रंग-बिरंगी कुल्लुवी हिमाचली टोपी पहने तस्वीरें हिमाचल में लोगों का दिल जीत रही हैं और सभी वर्गों के लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में फ्रांस की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के दौरान कुल्लुवी टोपी पहने नजर आए थे। इससे हिमाचल के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने हमेशा हिमाचली टोपी पहनी है और अपने विदेश दौरों में हिमाचली हस्तशिल्प को उपहार के रूप में चुना है।



**योगदान**

**▸▸ हमेशा हिमाचली टोपी पहनी है और अपने विदेश दौरों में हिमाचली हस्तशिल्प को उपहार के रूप में चुना है**